रोहतक

गुरुवार, 1 फरवरी 2024

माघ मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 28, अंक : 05
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


मौसम

अधि. 15.7
न्यून. 9.0


haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





05 रोहतक की शेफाली वर्मा टी-20 रैंकिंग में टॉप 16 महिला बल्लेबाजों में शुमार






# वित्त मंत्री निर्मला आज पेश करेंगी अंतरिम बजट किसान, युवाओं और महिलाओं पर रहेगा फोकस

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

आम चुनाव से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को अंतरिम बजट पेश करेंगी। इस बार बजट किसानों, महिलाओं और युवाओं पर फोकस रहने की उम्मीद है। सीतारमण से मध्यम वर्ग और श्रमिकों को भी काफी उम्मीदें हैं। पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग का मानना है कि लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतरिम बजट, सत्ता में मौजूद पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिये मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। '2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी हम ऐसा होते हुए देख चुके हैं।' गर्ग ने कहा, 'सरकार ने 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों-को लक्षित किया था। कुल मिलाकर ये लगभग 75 करोड़ मतदाता हैं। ऐसी संभावना है कि सरकार इस बार भी इन मतदाताओं का खास ध्यान रखेगी।'

## किसान सम्मान निधि हो सकती है 8000 नई सरकार बनने पर पूर्ण बजट पेश होगा

### हो सकती हैं आकर्षक घोषणाएं



इस बार अंतरिम बजट में भी आम चुनाव को देखते हुए आकर्षक घोषणाएं हो सकती हैं। आमतौर पर, अंतरिम बजट में प्रमुख नीतिगत घोषणाएं नहीं होती हैं, लेकिन सरकार पर ऐसे कदम उठाने से कोई रोक नहीं है जो अर्थव्यवस्था के सामने आने वाले मुद्दों से निपटने के लिए जरूरी हैं।

मध्यम वर्ग, असंगठित क्षेत्र को भी काफी उम्मीदें

### किसानों के लिए ये ऐलान संभव

किसान सम्मान निधि के तहत मिलने वाली रकम को 6,000 से बढ़ाकर 8,000 हजार रुपये किया जा सकता है। अभी इस योजना के तहत छोटे और सीमांत किसानों को 2-2 हजार रुपये की तीन किस्तें एक साल में दी जाती है। वहीं, बजट में महिला किसानों के लिए ये राशि सालाना 6000 से बढ़कर 12000 रुपये हो सकती है।

### निर्मला का छठा बजट

सीतारमण का यह लगातार छठा बजट है। इसके साथ ही उनके नाम कई रिकॉर्ड होंगे। वह लगातार पांच पूर्ण बजट और एक अंतरिम बजट पेश करने के मोरारजी देसाई के नाम दर्ज रिकॉर्ड की बराबरी करेंगी। साथ ही, सीतारमण पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री हैं, जो जुलाई 2019 से पांच पूर्ण बजट पेश कर चुकी हैं और बृहस्पतिवार को वह लेखानुदान यानी अंतरिम बजट पेश करेंगी। सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करने के साथ, मनमोहन सिंह, अरुण जेटली, पी चिदंबरम और यशवंत सिन्हा जैसे पूर्व वित्त मंत्रियों के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ देंगी। इन नेताओं ने लगातार पांच बजट पेश किए थे।

# राम मंदिर के निर्माण की अकांक्षा आज सच हो चुकी : राष्ट्रपति मुर्मू

## बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति ने दोनों सदनों को किया संबोधित

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को बजट सत्र के पहले दिन संबोधित किया। मुर्मू ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की आकांक्षा सदियों से थी जो अब पूरी हुई है। उन्होंने बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राम मंदिर के निर्माण का उल्लेख किया। मुर्मू ने कहा, ''राम मंदिर की अकांक्षा सदियों से थी, आज सच हुई है।' उनकी इस टिप्पणी पर सदस्यों ने मेजें थपथपाईं। राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह गत 22 जनवरी को संपन्न हुआ।



### सेंगोल को लेकर नई परिपाटी

नए संसद भवन में एक नई परिपाटी की शुरुआत तब हुई जब दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने आईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगे संसद का एक कर्मी पवित्र 'सेंगोल' को लेकर चल रहा था, जिसे अभिभाषण के दौरान उनके समक्ष एक मेज पर रखा गया।

### दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि दर साढ़े 7 फीसदी

पिछली लगातार दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि दर साढ़े सात प्रतिशत रही है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही है। वहीं जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। मुर्मू ने कहा, 'बीते वर्षों में विश्व ने दो बड़े युद्ध देखे और कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी का सामना किया। ऐसे वैश्विक संकट के बावजूद मेरी सरकार ने देश में महंगाई को काबू में रखा, सामान्य भारतीय का बोझ नहीं बढ़ने दिया।' (विशेष पेज देखें 7)

## खबर संक्षेप

### पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 29 के बाद जमा लेने से रोका

**मुंबई।** आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोक दिया है। पीपीबीएल के खिलाफ रिजर्व बैंक ने यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया है। भाषा

चंडीगढ़ महापौर चुनाव

### चंडीगढ़ प्रशासन, नगर निगम से जवाब-तलब

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने महापौर का नए सिरे से चुनाव कराने की आम आदमी पार्टी (आप) की अर्जी पर बुधवार को तुरंत राहत देने से इनकार कर दिया। इसके बाद कोर्ट चंडीगढ़ प्रशासन एवं नगर निगम से तीन हफ्ते में जवाब मांगा है। मामले की सुनवाई अब 26 फरवरी को होगी। आप ने मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए उच्च न्यायालय से मंगलवार के चुनाव को खारिज करने व उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में नए सिरे से महापौर का चुनाव कराने का अनुरोध किया है। भाजपा ने आश्चर्यजनक ढंग से कांग्रेस-आप गठबंधन को हराते हुए चंडीगढ़ महापौर चुनाव में सभी तीन शीर्ष पद जीत लिए। इस पर गठबंधन ने पीठासीन अधिकारी द्वारा मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ किए जाने का आरोप लगाया है। कोर्ट ने चंडीगढ़ प्रशासन, चंडीगढ़ नगर निगम, पीठासीन अधिकारी अनिल मसिह, नवनिर्वाचित महापौर मनोज सोनकर एवं अन्य को नोटिस जारी कर तीन हफ्ते में जवाब मांगा है।

### ई-फाइलिंग पोर्टल पर 3 दिन सेवाएं बंद रहेंगी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कहा कि ई-फाइलिंग पोर्टल पर करदाताओं के लिए सेवाएं तीन फरवरी से पांच फरवरी के बीच उपलब्ध नहीं होंगी। विभाग ने बताया कि निर्धारित रखरखाव के चलते ऐसा होगा। भाषा

### बारामूला में वाहन खाई में गिरा, 8 की मौत

**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर में बारामूला के बोनियार में एक वाहन गहरी खाई में गिर गया। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई और 7 अन्य लोग घायल हुए हैं। उरी जा रहा वाहन दोपहर में बुजीथला के पास सड़क से खाई में जा गिरा। बताया गया है कि वाहन सड़क से फिसल गया था। एजेंसी



जींद में बारिश के बाद खिलखिलाई फसल

# बारिश ने सूखी ठंड से दी राहत किसानों के लिए बरसा 'सोना'

आज भी अच्छी बारिश होने की संभावना | मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट | उत्तरी हरियाणा में ओले गिरने के भी आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रदेश में बारिश ने जहां सूखी ठंड से राहत दिलाई है। वहीं, यह बारिश किसानों के लिए 'सोने' की तरह बरसी है। इससे फसलों में फुटाव होगा और उत्पादन बढ़ेगा। किसानों का कहना है कि यह बारिश उनके लिए वरदान साबित होगी। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते बुधवार को हुई इस साल की पहली बारिश ने किसानों के चेहरे पर भी खुशी ला दी। बुधवार को अधिकतम तापमान में एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई, जबकि न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की वृद्धि हुई। हरियाणा-एनसीआर-दिल्ली में पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिला है। अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई।

### झज्जर में सबसे ज्यादा वर्षा

हरियाणा-एनसीआर-दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन का तापमान 14.0 डिग्री से 19.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जबकि रात्रि तापमान 7.0 से 11.0 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। झज्जर में सबसे ज्यादा 10 एमएम बारिश हुई। अन्य जिलों में बूंदाबांदी और हल्की बारिश दर्ज की गई। पहाड़ों पर बर्फबारी भी देखने को मिली है।

### अलसुबह शुरू हुई बरसात

मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन ने बताया कि सम्पूर्ण पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी व मैदानी इलाकों हरियाणा-एनसीआर-दिल्ली में बुधवार अलसुबह से ही पहले सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, कैथल, जींद, कुरुक्षेत्र, करनाल, सोनीपत तथा दोपहर बाद पानीपत, रोहतक, यमुनानगर, भिवानी, चरखी दादरी, झज्जर, गुरुग्राम, फरीदाबाद, मेवात साथ ही देर शम महेंद्रगढ़ व रेवाड़ी में हल्की बारिश/बूंदाबांदी हुई।

### आगे क्या

दो फरवरी को भी एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। जिसके प्रभाव से सम्पूर्ण इलाके में फिर से हल्की से मध्यम बारिश व बूंदाबांदी की संभावना बन रही है। मौसम विभाग के अनुसार एक फरवरी को भी हरियाणा एनसीआर दिल्ली में सीमित स्थानों पर बारिश की संभावना है।

**किसानों के लिए सलाह :** कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि यह बारिश किसानों के लिए वारदान साबित होगी। क्योंकि बारिश की बूंदों से फसलों में बीमारी खत्म हो जाएगी। फसल अच्छी ग्रोथ करेंगी। किसानों को सलाह दी जाती है कि वे अभी सिंचाई रोक दें। फसलों में अल, चेपा दिखाई दे तो उन टहनियों को तोड़ कर नष्ट कर दें। पशुओं को बाड़े के अंदर रखें।

## ईडी की पूछताछ के बाद राजभवन पहुंच हेमंत ने इस्तीफा सौंपा

# जमीन घोटाले में सोरेन गिरफ्तार चंपई होंगे झारखंड के नए सीएम

हेमंत हाईकोर्ट पहुंचे, आज सुबह 10:30 बजे सुनवाई | महागठबंधन ने चंपई को विधायक दल का नेता चुना | राज्यपाल से मिल सरकार बनाने का दावा पेश किया | राज्यपाल राधाकृष्णन ने बुलाने का आश्वासन दिया

भाषा/एजेंसी ▶▶| रांची

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन घोटाले से जुड़े धनशोधन के आरोप में सात घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद बुधवार देर रात झारखंड के सीएम और मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों ने बताया कि अपनी गिरफ्तारी से पहले, सोरेन ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके बाद उन्हें यहां ईडी कार्यालय ले जाया गया। सूत्रों ने दावा किया कि पूछताछ के दौरान सोरेन के जवाब में स्पष्टता नहीं थी। इसलिए उन्हें पीएमएलए के तहत हिरासत में ले लिया गया है। सोरेन को सुबह 10 बजे कोर्ट में पेश किया जाएगा। इधर, हेमंत सोरेन ने ईडी की कार्यवाही के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इस पर गुरुवार सुबह 10.30 बजे सुनवाई होगी। वहीं, अब चंपई सोरेन झारखंड के नए सीएम बनेंगे।

### पीएमएलए के तहत ईडी ने की कार्रवाई



- एजेंसी ने मामले में दूसरे दौर की पूछताछ के दौरान सोरेन से 15 सवाल पूछे। जवाबों से एजेंसी संतुष्ट नही हुई।
- इतिहास में संभवतः ऐसा पहली बार जब सीएम हाउस में ईडी ने धुसकर पूछताछ की व मौजूदा सीएम को गिरफ्तार किया।
- हिरासत के बाद हेमंत का ट्वटी, यह एक विराम है जीवन महासंग्राम है। हर पल लड़ाई लड़ा हूं और हर पल लड़ूंगा।
- सोरेन ने ईडी पर ही एसी/एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करवाई। कहा-मेरे परिवार को क्षति हुई।

### चंपई ने 47 विधायकों के समर्थन से नई सरकार बनाने का दावा पेश किया



**गठबंधन के पास बहुमत**

| | |
|---|---|
| कुल विधायक | 81 |
| जेएमएम | 29 |
| कांग्रेस | 17 |
| राजद | 01 |
| सीपीआई (एमएल) | 01 |
| गठबंधन के कुल | 48 |
| एनडीए के पास | 32 |
| भाजपा | 26 |
| एनसीपी (एपी) | 01 |
| आजसू | 03 |
| निर्दलीय | 02 |

सोरेन की गिरफ्तारी के परिवहन मंत्री चंपई सोरेन को विधायक दल का नेता चुन लिया गया। अब चंपई झारखंड के नए सीएम होंगे। उन्होंने बुधवार रात को ही राज्यपाल से मिलकर नई सरकार बनाने का दावा पेश किया है। इस दौरान उनके साथ 43 विधायक राजभवन के बाहर मौजूद रहे। झामुमो विधायक दल के नेता चंपई ने कहा, हमने 47 विधायकों के समर्थन से नई सरकार बनाने का दावा पेश किया है। संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा, 'हमने 43 विधायकों का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंप दिया है, जिन्होंने हमें बुलाने का आश्वासन दिया है।'

*ईडी ने 2 फरवरी को दिल्ली के सीएम केजरीवाल को भी पूछताछ के लिए तलब किया है। अब सवाल उठने लगे हैं कि क्या उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।*

**निशाना** बजट सत्र की शुरूआत पर बोले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

*देश लगातार प्रगति की नई उंचाइयों को छू रहा पीएम ने राम राम से शुरू किया संबोधन*

# सर्वांगीण विकास की यात्रा जारी रहेगी हुड़दंग करने वाले आत्म निरीक्षण करें

**नई दिल्ली (भाषा)।** लोकसभा चुनाव से पहले संसद का आखिरी सत्र शुरू होने से पूर्व, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि देश प्रगति की नई उंचाइयों को छू रहा है। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि लोगों के आशीर्वाद से 'सर्वसमावेशी एवं सर्वांगीण' विकास की उनकी सरकार की यात्रा आगे भी जारी रहेगी। संसद के बजट सत्र की शुरुआत से पहले पत्रकारों को संबोधित करते हुए मोदी ने उन्हें 'राम राम' कहकर मुबारकबाद दी और कहा कि चुनाव से पहले पूर्ण बजट पेश नहीं करने की परंपरा रही है। इस परंपरा का पालन करते हुए उनकी नई सरकार बनने के बाद देशवासियों के समक्ष पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदतन 'हुड़दंग' करना जिनका स्वभाव बन गया है और जो लोकतांत्रिक मूल्यों का आदतन चीरहरण करते हैं, ऐसे सभी सांसदों को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए।

### विपक्ष कर रहा कार्यवाही बाधित



मोदी ने विपक्षी सांसदों पर संसदीय कार्यवाही को बार-बार बाधित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग हंगामा करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बिगाड़ने के आदी हैं, उन्हें आगामी चुनाव से पहले हो रहे इस अंतिम सत्र के दौरान आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। उन्होंने ऐसे सांसदों से कहा, 'अपने संसदीय क्षेत्र में भी 100 लोगों से पूछ लें। किसी को याद नहीं होगा। किसी को नाम भी पता नहीं होगा, जिन्होंने इतना हुड़दंग हो-हल्ला किया होगा।' लेकिन विरोध का स्वर तीखा और आलोचना तीखी से तीखी क्यों ना हो, जिन्होंने उत्तम विचारों से सदन को लाभान्वित किया होगा, उनको बहुत बड़ा वर्ग आज भी याद करता होगा।

### कर्तव्य पथ पर दिखी नारी शक्ति

प्रधानमंत्री ने कहा कि नए संसद भवन में जो पहला सत्र हुआ था उसके आखिर में नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित हुआ व उसके बाद 26 जनवरी को भी देश ने कर्तव्य पथ पर नारी शक्ति के सामर्थ्य, शौर्य और संकल्पशक्ति को अनुभव किया। आज बजट सत्र आरंभ हो रहा है जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मार्गदर्शन मिलेगा और बृहस्पतिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा अंतरिम बजट पेश किया जाएगा। एक प्रकार से यह नारी शक्ति के साक्षात्कार का पर्व है।

वाराणसी कोर्ट के आदेश, डीएम 7 दिन में करें इंतजाम

# ज्ञानवापी परिसर में व्यास जी के तहखाने में दी पूजा की इजाजत

**वाराणसी (भाषा)।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी की जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दे दिया। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जिला न्यायाधीश अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने तहखाने में पूजा पाठ करने का अधिकार व्यास जी के नाती शैलेन्द्र पाठक को दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि वादी शैलेन्द्र व्यास व काशी विश्वनाथ ट्रस्ट द्वारा तय किए गए पुजारी से व्यास जी के तहखाने में स्थित मूर्तियों की पूजा और राग भोग कराए जाने की व्यवस्था सात दिन के भीतर कराएं। पूजा करवाने का कार्य काशी विश्वनाथ ट्रस्ट करेगा।

### वजूखाने के समक्ष नंदी महाराज

ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने के समक्ष बैठे नंदी महाराज के सामने लगी बैरीकेडिंग को हटाकर रास्ता खोला जाएगा। अदालती आदेश में कहा गया है, 'जिला मजिस्ट्रेट वाराणसी/रिसीवर को निर्देश दिया जाता है कि वह सेटेलमेंट प्लॉट नं. 9130 थाना चौक, जिला वाराणसी में स्थित भवन के दक्षिण की तरफ स्थित तहखाने, जो कि वादग्रस्त सम्पत्ति है, वादी व काशी विश्वनाथ ट्रस्ट बोर्ड के द्वारा नाम निर्दिष्ट पुजारी से पूजा, रागभोग, तहखाने में स्थित मूर्तियों का कराए और इस उद्देश्य के लिए सात दिन के भीतर लोहे की बाड़ आदि में उचित प्रबंध करें।'



### शिव भक्तों को न्याय मिला : डिप्टी सीएम

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अदालत के इस आदेश का स्वागत करते हुए 'एक्स' पर कहा, शिव भक्तों को न्याय मिला। बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में व्यास जी के तहख़ाने में पूजा का अधिकार दिए जाने के संबंध में माननीय न्यायालय के ऐतिहासिक फ़ैसले का हार्दिक स्वागत करता हूं। 1993 से भक्तों को था इंतजार। हर हर महादेव। जय बाबा विश्वनाथ। जय माता श्रृंगार गौरी।

## खबर संक्षेप

### नैनो यूरिया स्प्रे करवाने के लिए 15 तक करें आवेदन

चंडीगढ़। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल कम करने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा लगभग एक लाख एकड़ भूमि पर स्प्रे करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना के तहत सरकार किसानों को आधी कीमत पर नैनो तरल यूरिया प्रदान करेगी। इसका लाभ लेने हेतू सभी जिलो के किसान 15 फरवरी, 2024 तक पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

### जेजेपी बीसी सेल के 42 वरिष्ठ पदाधिकारी घोषित

चंडीगढ़। जजपा ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए 42 पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रभारी ज्ञान सिंह गुर्जर, प्रदेशाध्यक्ष धर्मपाल प्रजापति व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद बीसी सेल में 42 वरिष्ठ पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की है।

### बीपीएल परिवारों को 80 हजार की आर्थिक सहायता

चंडीगढ़। हरियाणा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा सभी बीपीएल परिवारों को डॉ. बीआर आंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत मकान मरम्मत के लिए 80 हजार की आर्थिक मदद दी जा रही है। लाभ एस के बीपीएल को मिलता था।

## हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में नैतिकता पर कार्यशाला में बोले सीएम

# सोच और दृष्टिकोण को बदलकर ही चल सकते हैं नैतिकता के रास्ते पर

- नैतिकता में संवेदनशीलता की भूमिका सबसे ज्यादा
- प्रदेश के सभी आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अध्यक्षों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा




घरौंडा। हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में नैतिकता पर कार्यशाला का उद्घाटन के बाद संबोधित करते मुख्यमंत्री मनोहरलाल। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि नैतिकता का सबसे बड़ा गुण संवेदनशीलता भी है इसीलिए हम सभी को समाज के अभावग्रस्त और पीड़ित लोगों के प्रति संवेदनशीलता रखते हुए काम करना होगा ताकि हम स्वयं को एक आदर्श के रूप में स्थापित कर सकें।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार को हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में प्रदेश के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के लिए आयोजित नैतिकता शिविर को बतौर मुख्यातिथि के तौर पर सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हिपा द्वारा आयोजित इस मिशन कर्मयोगी हरियाणा अभियान के तहत अभी तक प्रदेश के करीब 2 लाख कर्मचारी लाभान्वित हो चुके हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिकारी और कर्मचारियों के दृष्टिकोण को सही दिशा में ले जाना है ताकि हरियाणा प्रदेश को भी विकास की सही दिशा में ले जाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपनी सोच और दृष्टिकोण को बदलकर ही नैतिकता के रास्ते पर चला जा सकता है। भ्रष्टाचार और अनैतिकता इसमें सबसे बड़ी रुकावट है। हमें स्वयं को अगर आदर्श के रूप में स्थापित करना है तो सोच और दृष्टिकोण बदलकर दूसरों को भी बदलना होगा। पीएम मोदी ने जिस तरह से 2047 तक विकसित भारत की कल्पना की है, उन्होंने स्वयं से लेकर आमजन तक इस कल्पना को ले जाने का काम किया है। क्योंकि समाज में नैतिकता के आने से ही इसकी कल्पना को साकार किया जा सकता है। उन्होंने मिशन कर्मयोगी अभियान के लिए हिपा की प्रशंसा करते हुए कहा कि आगामी 31 मार्च तक सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इस अभियान के तहत नैतिकता का पाठ पढ़ाया जाएगा। यही नहीं 2 साल में पुन इसका दूसरा चरण भी रखा जाएगा क्योंकि इससे शिद्दता और स्वच्छता आएगी और जब वातावरण में शुद्धता आती है तो वातावरण ठीक हो जाता है। हमें विचारों को भी ठीक करना हैं ताकि फील्ड में काम करने वाले अधिकारी और कर्मचारी भी शिद्त्ता और शुद्धता के साथ जनसेवा के लिए कार्य करें।

### अब विद्यार्थी, शिक्षक और कर्मचारी खुश रहने के तौर-तरीके सीखेंगे : मुख्यमंत्री

कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में रेखी फाउंडेशन फॉर हैप्पीनेस के सहयोग से हैप्पीनेस सेंटर बनाया गया है, इस हैप्पीनेस सेंटर में विद्यार्थी, शिक्षक, कर्मचारी व आमजन खुश रहने के तौर तरीके सीख सकेंगे और जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना भी सरलता से कर सकेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में स्थापित किए गए रेखी आनंद विज्ञान उत्कृष्टता केंद्र के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। इस सेंटर की स्थापना के लिए कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा, रेखी फांउडेशन के प्रतिनिधि डॉ. किरणजोत सिंह व डॉ. प्रभलीन सिंह सहित इस सेंटर की स्थापना में सहयोग देने वाली उनकी पूरी टीम को बधाई दी।

### मेरिट पर अधिकारी और कर्मियों की भर्ती की गई

मुख्यमंत्री ने कहा कि सोच और दृष्टिकोण में परिवर्तन आने से अच्छे कार्य होते हैं और यही कार्य प्रदेश में सरकारी नौकरियों की भर्तियों में हमने किया। मिशन मेरिट के तहत अधिकारी और कर्मचारियों की भर्ती की गई, जिसका कई बार विरोध भी झेलना पड़ा लेकिन उसके परिणाम सबके सामने हैं कि योग्य और पात्र युवा ही सरकारी नौकरियों में आ रहे हैं। नैतिकता और संस्कार हमारे मन को मजबूत बनाते हैं जिससे सेवा करने का भाव उत्पन्न होता है।

## जल्द ही 22 आयुष योग निरीक्षकों और कोचों की भर्ती होगी: विज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



भर्ती हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से की जाएगी सीएम ने दी मंजूरी

स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री अनिल विज ने कहा कि सार्वजनिक हित को देखते हुए जल्द ही 22 आयुष योग निरीक्षकों/कोचों की भर्ती हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से की जाएगी। इस संबंध में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। इस बारे में जानकारी देते हुए विज ने बताया कि 22 आयुष योग निरीक्षकों/कोचों के पदों को मंजूरी मिल चुकी है और इनकी नियुक्ति के नियमों को आयुष विभाग द्वारा हरियाणा राज्य कर्मचारी चयन आयोग को भी भिजवा दिए गए हैं जनहित को ध्यान को रखते हुए इन पदों पर भर्ती की जाएगी।

### 10 लोस सीट जीतेंगे

चंडीगढ़। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों में हम हरियाणा की 10 लोकसभा सीटें जीतेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सेना (भाजपा कार्यकर्ता) हमेशा फील्ड में रहती है और ये कभी भी बैरकों में नहीं जाती है। विज आज मीडियाकर्मियों द्वारा लोकसभा चुनावों के लिए खोले गए कार्यालयों के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

### शव के साथ प्रदर्शन पर सजा का फैसला जनविरोधी



चंडीगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के मृत शरीर पर उसके परिजनों का अधिकार होता है, लेकिन भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने इसे भी छीन लिया है। शव के साथ प्रदर्शन पर सजा का मंत्रिमंडल का फैसला पूरी तरह से जन विरोधी है। शव के साथ धरना-प्रदर्शन करने वालों को जेल भेजने व जुर्माना लगाने का कानून तुगलकी फरमान जैसा है।

### जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति हिसार

**अल्पकालिक सूचना**

**शहरी क्षेत्र में पोलीक्लीनिक हेतु स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की आवयश्कता**

जिला हिसार के शहरी क्षेत्रो में NHM के अंतर्गत हिसार शहर के अर्बन क्षेत्र पटेल नगर में स्थित पोलीक्लीनिक में सेवाएं देने के लिए स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स (जनरल मेडिसिन, गायनेकोलोजिस्ट, पीडियाटीशियन, स्किन स्पेशलिस्ट, ओप्थाल्मोलोजिस्ट, मानसिक रोग, ENT सर्जन, डर्मेटोलॉजी विशेषज्ञ) को प्राथमिकता दी जाएगीं एवं (दन्त चिकित्सक और फिजियोथेरेपिस्ट) को आवयश्कता के अनुसार बुलाया जायेगा। स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स को सप्ताह में 03 दिन पोलीक्लीनिक पटेल नगर, हिसार में सेवाएँ देनी होंगी। स्पेशलिस्ट डॉक्टर को एक दिन में 06 घंटे की सेवा देने पर 4000/- रूपया का भुगतान किया जायेगा। इसमें जिन स्पेशलिस्ट डॉक्टर के द्वारा कम समय के लिए सर्विस दी जाएगी उनको प्रति घंटे के हिसाब से भुगतान किया जायेगा। कार्यालय सिविल सर्जन हिसार में आप द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 में कभी भी आवेदन दिया जा सकता है I

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करे :

डिप्टी सिविल सर्जन (एन०एच०एम०) हिसार
कार्यालय सिविल सर्जन, हिसार।

पीआरडीएच-1058/11/722/2024/24566/88/6 दि. 31.01.24

### एसीआर में गड़बड़ी का मामला: अफसरों की जवाबदेही होगी तय

चंडीगढ़। हरियाणा में शिक्षा विभाग अक्सर चर्चाओं में रहता है, अब विभाग के कर्मचारियों की एसीआर (एनुअल कान्फिडेंशियल रिपोर्ट) में गड़बड़झाले का मामला सामने आया है। इसकी शिकायतें मिलने के साथ ही विभाग की विजिलेंस टीम को जांच जिम्मेदारी दी गई है। विभाग की विजिलेंस विंग पूरे मामले में हरकत में आ गई है। चीफ विजिलेंस ऑफिस की ओर से जिलों में जिला शिक्षा अधिकारियों को इसको लेकर सतर्क करते हुए साफ कर दिया गा है कि कोई भी दस्तावेज गायब हुआ और लापरवाही हुई, तो उनकी जवाबदेही पहले होगी। एसीआर और अन्य डाक्यूमेंट को रखने में लापरवाही पर कार्रवाई होगी।

**विजिलेंस को जांच की जिम्मेदारी जिला स्तर के अधिकारियों को सूचना जारी**

### लोगों की उम्मीदों पर पूरी तरह खरी उतर रही मोदी की गारंटी गाड़ी

चंडीगढ़। हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद लोगों की उम्मीदों, भरोसे और विश्वास पर पूरी तरह खरी उतर रही है और जनकल्याण व जनसेवा को समर्पित होकर आगे बढ़ रही है। डॉ. कमल गुप्ता बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हिसार में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी वैन देशभर में घूम-घूम कर गरीबों व वंचितों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। सरकार का लक्ष्य देश की आजादी के शताब्दी वर्ष में भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का है।



### 80 हजार छात्रों का मूल्यांकन करेगा श्री विश्वकर्मा कौशल विवि

चंडीगढ़। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय,पलवल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में स्किल सब्जेक्ट पढ़ रहे दसवीं और बारहवीं कक्षा के 80 हजार विद्यार्थियों का मूल्यांकन करेगा। यह मूल्यांकन 22 जिलों के 1248 स्कूलों में पहली फरवरी से शुरू हो गा। विश्वविद्यालय ने इसके लिए 300 से भी ज्यादा प्रशिक्षित लोगों की टीम तैयार की है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के लिए हरियाणा शिक्षा परियोजना परिषद के साथ अनुबंध हुआ है। हरियाणा के विभिन्न स्कूलों में दसवीं और बारहवीं कक्षा में स्किल सब्जेक्ट पढ़ने वालों का मूल्यांकन होगा।

**पहली फरवरी से 22 जिलों के 1248 स्कूलों में होगा मूल्यांकन**

### मनोहर सरकार ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों का किया बेड़ा गर्क: ढांडा

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने सरकारी स्कूलों में बच्चों के नाम कटवाने और सरकारी स्कूलों से बच्चों के हो रहे मोह भंग को लेकर भाजपा और जजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मनोहर सरकार सरकारी स्कूलों को बंद कर देना चाहती है। एक तरफ मर्जर के नाम पर स्कूलों को खत्म करने में लगी है। वहीं दूसरी तरफ बच्चों की संख्या भी लगातार घट रही है। अनपढ़ शिक्षा मंत्री ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था का भट्ठा बैठाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा शिक्षा विभाग के द्वारा किए गए एक सर्वे के मुताबिक प्रदेश में 7 से 14 साल की आयु वाले बच्चों में आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन (ओओएससी) की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।



### भारत संकल्प यात्रा में 51 लाख से ज्यादा लोगों ने भागीदारी कर हरियाणा को बनाया सिरमौर

चंडीगढ़। विकसित भारत संकल्प यात्रा हरियाणा के लोगों के लिए कारगर साबित हुई है। जहां पहले लोगों को समस्याओं के समाधान के लिए ब्लाक व जिला मुख्यालय के सरकारी कार्यालयों में जाना पड़ता था, वहीं यात्रा के दौरान लोगों की समस्याओं का उन्हीं के घर-द्वार पर समाधान हो रहा है। इससे उनके धन व समय की भी बचत हुई। यात्रा को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। यात्रा में 51 लाख 20 हजार 718 लोगों ने भागीदारी कर हरियाणा को देश का सिरमौर बना दिया है। इस दौरान महिलाओं की खासी भागीदारी रही। यात्रा में 21 लाख 54 हजार 375 महिलाओं ने हिस्सा लेकर जता दिया है कि नारी शक्ति सरकार की नीतियों में पूरे तन -मन से विश्वास जता रही हैं।

### हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | MEMO NO CH 05/E-NIT NO 14/2023-24/XEN/TS/RTKDATED12.01.2024ONLINE TENDER ID 2024_HBC_344051_1 | शुद्धिपत्र-01. 132 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल, झज्जर में पुराने ट्रेंच कवर की मरम्मत और नये ट्रेंच कवर का प्रावधान। ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 05.02.2024 (13.00 बजे) तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | 61/CCD-344/VOI-XIII DATED19.01.2024 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 05.02.2024 तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | NIT NO 47/CWD-VOI-XVI/HVPN/2023-247 DATED04.01.2024ONLINETENDERID NO 2023_HBC_341775_1 | बोली खुलने की तिथि 30.01.2024 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 08.02.2024 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 4 | एचवीपीएनएल | QDP1436GEM/2023/B/4263815 DATED 29.11.2023 | शुद्धिपत्र-3/जमा करवाने की निर्धारित तिथि का विस्तार 13.02.2024 तक 17:00 बजे तक। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/80/24590/I/88/6 दि. 31.01.24

## हरियाणा बजट सत्र को लेकर कांग्रेस सक्रिय 7 को बुलाई विधायक दल की बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा कैबिनेट ने बजट सत्र की डेट फाइनल कर दी है। 20 फरवरी को हरियाणा विधानसभा का बजट सेशन शुरू होगा। सत्र की तारीख का ऐलान होने के साथ ही बाद हरियाणा कांग्रेस के सियासी दिग्गज नेता सक्रिय हो गए हैं। सदन में सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस ने 7 फरवरी को विधायक दल की बैठक बुला ली है। इस बैठक में पूर्व सीएम और नेता विपक्ष भूपेंद्र हुड्डा के साथ पार्टी के सभी विधायक बजट सत्र को लेकर रणनीति बनाएंगे। पार्टी इस बार सत्र में हरियाणा सरकार के द्वारा लिए जा रहे हजारों करोड़ रुपए के कर्ज को लेकर मुद्दा बनाएगी।

### पूर्व सीएम हुड्डा कर्ज को बना रहे मुद्दा

हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सीएम मनोहर लाल पर कर्ज को लेकर लगातार हमला बोल रहे हैं। वह राज्य पर कर्ज को लेकर कह चुके हैं कि यदि मेरे आंकड़े गलत हैं तो सरकार श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। प्रदेश का हर वर्ग सरकार से दुखी है।

**हरियाणा सरकार पॉलिसी लाने की तैयारी में**

## अब पंचायत की जमीनों को लेकर नहीं चलेगी मनमानी, मिट्टी खोदने पर लेनी होगी परमिशन

- प्रदेश में बड़ी संख्या में पंचायती जमीन को खुर्द-बुर्द करने, मिट्टी की खुदाई का काम अनाप-शनाप तरीके से किया जा रहा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश की विभिन्न पंचायतों की जमीनों से मिट्टी खुदाई करना आने वाले वक्त में आसान नहीं होगा क्योंकि सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाते हुए इसको लेकर पॉलिसी लाने की तैयारी में है। जिसके बाद में अवैज्ञानिक तरीके से मिट्टी की खुदाई कर गहरे गड्ढे बना देने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा। इतना ही नहीं हरियाणा की मनोहर सरकार पंचायती जमीनों से मिट्टी की खुदाई करने को लेकर ठोस नीति लाने की तैयारी में है। पंचायती जमीन से मिट्टी की खुदाई के लिए परमिशन लेनी होगी। भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में पंचायती जमीन को खुर्द-बुर्द करने, मिट्टी की खुदाई का काम अनाप-शनाप तरीके से किया जा रहा है। मिट्टी की खुदाई कर उसकी बिक्री कर देने और अन्य कार्यों के लिए खुदाई करने के बाद बड़े-बड़े गड्ढे छोड़ देने की शिकायतें लगातार सरकार के पास पहुंच रहीं हैं। तालाबनुमा जगह छोड़ देने के कारण बरसात के दिनों में उनमें जलभराव के साथ-साथ गंदगी, मच्छर और कई तरह के खतरे पैदा हो जाते हैं।

### कई तरह की शर्तों के साथ परमिशन मिलेगी

नई नीति के ड्राफ्ट में मिट्टी की खुदाई को लेकर पंचायत को भी सरकार से परमिशन लेनी होगी। जिसमें कई तरह की शर्तों के साथ यह परमिशन दी जाएगी। इस नीति का उद्देश्य गांव में ग्रामीण लोगों को होने वाली असुविधा और जल भराव बड़े-बड़े तालाब नुमा गड्ढों से ग्रामीणों को मुक्ति दिलाना है।

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 37 दिनांक 29.01.2024 धारा 346 IPC थाना महम जिला रोहतक।



**गुमशुदा की पहचान**
नाम - अक्षय कुमार
पति का नाम – पुत्र राजेश
पता- पाना टिगरी निन्दाना जिला रोहतक
उम्र- 23 वर्ष
कद- 5 फुट 8 ईंच
हुलिया- रंग गोरा, चेहरे पर हल्की दाढी, सिर पर छोटे छोटे बाल।
पहनावा - पैन्ट सर्ट व पीले रंग की जाकेट व पैरों में जुते पहने हुए।

दिनांक 29.01.2024 को अक्षय कुमार पुत्र श्री राजेश निवासी पाना टिगरी निन्दाना थाना महम जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक- 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 8295333448

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 19 दिनांक 29.01.2024 धारा 346 IPC थाना सदर रोहतक।



**गुमशुदा की पहचान**
नाम - सोनिया
पिता का नाम - पत्नी अमरजीत
पता- गांव खिड़वाली जिला रोहतक
उम्र- 22 वर्ष
कद-5 फुट 2 ईच
हुलिया- रंग गेहुआ, गोल चेहरा।
पहनावा - पीले रंग का छापेदार सुट सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए।

दिनांक 29.01.2024 को सोनिया पत्नी अमरजीत निवासी गांव खिड़वाली थाना सदर जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक - 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9812824374

पीआरडीएच-1084/11/2100/2024/24565/88/6 दि. 31.01.24

JINDAL PANTHER
JINDAL STEEL & POWER

### जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड

(CIN: L27105HR1979PLC009913)
पंजी. कार्यालय : ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार-125005 (हरियाणा)
कॉर्पोरेट कार्यालय : जिन्दल सेंटर, 12, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
Tel: +91 11 4146 2000 | Fax: +91 11 2616 1271 | Email: jsplinfo@jindalsteel.com
Website: www.jindalsteelpower.com
jsplcorporate | Jindal Steel & Power Ltd. | jsplcorporate | jsplcorporate

**31 दिसम्बर 2023 को समाप्त तृतीय तिमाही और नौ माह हेतु समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(शेयर और ईपीएस को छोड़कर रु. करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31 दिसम्बर 2023 | समाप्त तिमाही 30 सितम्बर 2023 | समाप्त तिमाही 31 दिसम्बर 2022 | वर्ष से तिथि तक समाप्त 31 दिसम्बर 2023 | वर्ष से तिथि तक समाप्त 31 दिसम्बर 2022 | वित्तीय वर्ष समाप्त 31 मार्च 2023 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 11,736.40 | 12,282.04 | 12,469.50 | 36,662.05 | 39,060.54 | 52,768.23 |
| 2 | अवधि (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 1,926.95 | 1,384.27 | 1,440.72 | 5,077.75 | 4,895.97 | 5,854.95 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि (असाधारण मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 1,926.95 | 1,384.27 | 1,062.33 | 5,077.75 | 3,679.99 | 4,485.49 |
| 4 | कर के बाद अवधि (असाधारण मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 1,927.99 | 1,390.10 | 518.27 | 5,009.86 | 2,727.53 | 3,193.21 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 1,987.79 | 1,383.04 | 208.38 | 5,011.99 | 2,710.85 | 3,171.25 |
| 6 | भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक के) | 100.24 | 100.50 | 100.50 | 100.24 | 100.50 | 100.50 |
| 7 | अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - | - | - | 38,606.09 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु)- | | | | | | |
| | बेसिक : | 19.21 | 13.81 | 5.16 | 49.81 | 26.93 | 31.54 |
| | डायल्युटेड : | 19.21 | 13.81 | 5.16 | 49.81 | 26.93 | 31.54 |

टिप्पणी :-

1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस और घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये 31 दिसम्बर 2023 को समाप्त तृतीय तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। 31 दिसम्बर 2023 को समाप्त तृतीय तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट (www.bseindia.com / www.nseindia.com) के साथ-साथ कम्पनी की वेबसाइट (www.jindalsteelpower.com) पर उपलब्ध है।
2. इन अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा 31 जनवरी 2024 को आयोजित इसकी बैठक में ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और 31 जनवरी 2024 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये।

**स्टैंडअलोन आधार पर वित्तीय परिणामों के मुख्य आंकड़े** (रु. करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31 दिसम्बर 2023 | समाप्त तिमाही 30 सितम्बर 2023 | समाप्त तिमाही 31 दिसम्बर 2022 | वर्ष से तिथि तक समाप्त 31 दिसम्बर 2023 | वर्ष से तिथि तक समाप्त 31 दिसम्बर 2022 | वित्तीय वर्ष समाप्त 31 मार्च 2023 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | टर्नओवर | 11,545.44 | 12,107.71 | 11,841.91 | 35,977.72 | 37,826.39 | 51,228.99 |
| 2 | कर से पूर्व लाभ/(हानि) | 1,993.74 | 1,525.58 | (5,886.25) | 5,388.90 | 1,770.25 | 2,872.07 |
| 3 | कर के बाद लाभ/(हानि) | 1,483.68 | 1,108.57 | (4,512.27) | 3,991.77 | 1,637.63 | 2,426.83 |

बोर्ड के आदेशानुसार

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 31 जनवरी 2024

बिमलेन्द्र झा
प्रबंध निदेशक


हरियाणा सरकार
" केंद्र और राज्य में डबल इंजन सरकार की ताकत हरियाणा को तेज़ी से आगे बढ़ा रही है। कोई भी सेक्टर हो, जैसे ही उसमें सामूहिक शक्ति जुटती है, सबका प्रयास नजर आने लगता है, तो परिवर्तन की गति भी बढ़ जाती है। "
- नरेन्द्र मोदी
संकल्प से परिणाम वर्ष
श्री मनोहर लाल
मुख्यमंत्री, हरियाणा
द्वारा
विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ
1 फरवरी, 2024 | दोपहर 3:00 बजे | चंडीगढ़
दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना
2180 नये लाभपात्रों के बैंक खातों में 84 करोड़ रुपये की राशि का वितरण
हरियाणा ट्रस्ट बेस्ड रीडिंग मोबाइल एप्लिकेशन
प्रथम चरण में 4 शहरों में उपभोक्ता मीटर की रीडिंग दर्ज करके अपना बिजली बिल ऑनलाइन प्राप्त कर सकता है
View Bill
Account No.
PROCEED
मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना पंजीकरण पोर्टल
गरीब परिवारों हेतु 14 शहरों में प्लॉट की बुकिंग के लिए पोर्टल शुरू
264 अनाधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण
2147 कॉलोनियों का हुआ नियमितीकरण
प्रगति का आधार, डबल इंजन सरकार
सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## खबर संक्षेप



जींद। मकान में घुसी कार।

### धुंध के चलते दीवार तोड़ कर मकान में घुसी कार

जींद। सेक्टर नौ के टी प्वांयटर पर बुधवार सुबह एक कार मकान की दीवार तोड़ कर अंदर घुस गई। जिसमें चालक घायल हो गया। गनीमत रही कि गाड़ी के एयरबैग खुल गए और चालक को कम चोटें आई हैं। मकान मालिक उदयराम खर्ब के बेटे अनिल ने बताया कि यहां सेक्टर आठ और 9 का टी प्वायंट है। इस कारण पहले भी इसी तरह का हादसा हो चुका है। उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाई कि यहां पर चौक का निर्माण करवाया जाए, सड़क के दोनों तरफ स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं।

### डबवाली में बस की चपेट में आने से वृद्धा की मौत

डबवाली। शहर के बस स्टैंड के बाहर वह सिटी थाना के सामने आज एक निजी बस की चपेट में आने से एक वृद्धा की मौत हो गई। मृतका की पहचान गुरमीत कौर पत्नी गुरदेव सिंह निवासी जिला फाजिल्का पंजाब के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि एक निजी बस जब बस स्टैंड के अंदर जा रही थी उस समय वहां से गुजर रही है यह महिला बस की चपेट में आ गई। महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

# सर्दी में बढ़े सब्जियों के दाम बिगड़ा गृहणियों का बजट

**कड़ाके ठंड के कारण कई सब्जियां हो चुकी खराब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



ओमप्रकाश सैनी, सब्जी मंडी आढ़ती

पिछले कई दिनों से लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड का असर न केवल लोगों पर पड़ा हैं। बल्कि सब्जियों के दाम में भी तेजी आई हैं। लगातार पड़ रही ठंड के कारण पिछले दस दिन में सब्जियों के दाम बढ़कर दो गुणा हो गए हैं। स्थानीय व्यापारियों की माने तो कुछ स्थानों पर सर्दी के कारण सब्जियां खराब हो गई हैं। वहीं धुध के कारण मंडी में सब्जियों की आवक कम हो गई हैं। जिससे सब्जियों के दाम में तेजी आई हैं। वहीं पिछले वर्ष की तुलना में मौसमी सब्जी गाजर, मटर, गोभी व हरी सब्जियों के दाम में भी 20 प्रतिशत वृद्धि हुई हैं। कड़ाके की ठंड के कारण टमाटर व मिर्च की पैदावार कम हो गई हैं। 10 दिन पहले 10 से 12 रुपये किलो बिकने वाला टमाटर अब 25 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गया हैं। वहीं हरी मिर्च भी 30 से 50 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही हैं। इसके अलावा मटर का दाना सफेद हो गया हैं। पहले स्थानीय मंडी में करनाल सब्जी मंडी से मटर की सप्लाई होती थी। अब व्यापारियों को राजस्थान मटर मंगवाना पड़ रहा हैं।

पिछले एक सप्ताह में लोकल सब्जियों की भी मंडी में आवक कम हो गई हैं। इसका सीधा असर सब्जियों के दामों पर पड़ा हैं। बढ़ते सब्जियों के दामों ने गृहणियों का बजट बिगाड़ दिया हैं।

**मंडी में आवक कम होने से बढ़े दाम**



**सब्जी के दाम**

| सब्जी | अब | 10 दिन पहले |
|---|---|---|
| मटर | 28-30 | 40-45 |
| आलू | 4-5 | 10-12 |
| पालक | 15 | 20-25 |
| मैथी | 25 | 15-16 |
| फूलगोभी | 20-25 | 10 |
| प्याज | 15 | 25 |
| नींबू | 60 | 20 |
| अदरक | 100 | 110 |
| लहसून | 280 | 280 |
| गाजर | 5 | 10 |
| तीखी मिर्च | 50 | 30-40 |
| टमाटर | 25 | 10-15 |
| शकरगंधी | 15 | 20-25 |
| बैंगन | 35 | 20 |

**फलों के दाम**

| फल | अब | 10 दिन पहले |
|---|---|---|
| केला | 50 | 50 |
| सेब | 70-80 | 100 |
| अनार | 60-70 | 100 |
| अंगूर | 60-70 | 100 |
| किन्नू | 20 | 10 |
| पपीता | 20 | 30 |
| मौसमी | 40 | 40 |
| कीवी | 50 र. पीस | 120 रु. पीस |

### सेना की जमीन पर मिला नवजात बच्ची का सिर कटा शव

बहादुरगढ़। इलाके में दिल को दहलाने वाला एक मामला सामने आया है। यहां पुराना कोर्ट परिसर के साथ लगती भारतीय सेना की जमीन पर एक नवजात लड़की का शव बरामद हुआ है। शव का सिर गायब है और धड़ को कुत्ते नोच रहे थे। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। चिकित्सकों के बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। हत्या कर शव को दबाने की भी आशंका जताई जा रही है। घटना बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे की है। पुराना कोर्ट परिसर में कृषि विभाग कार्यालय के साथ लगती खाली जमीन पर कुछ कुत्ते एक शव को नोच रहे थे। यहां नजदीक ही रियाज के लिए आए लाइनपार के भुवनेश की उन पर नजर पड़ी। उसने तुरंत कुत्तों को वहां से भगाया। मौके पर भीड़ जुटने लगी। सूचना पाकर सेक्टर छह थाने से एसएचओ महेश कुमार टीम सहित मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। शव आठ से दस दिन की लड़की का है।

■ जमीन से निकालकर नोंच रहे थे कुत्ते

**Principal District and Sessions Court, Washim**

IN THE COURT OF
Shri V.V. Nashikkar
Ad-hoc District Judge I
& Member M.A.C.T. Washim
DISTRICT WASHIM
(MAHARASHTRA STATE)

(Publication of Summons U/o 5 R 20 R/w Sec. 151 CP.C. to Non-Applicant for appearance on fixed Date 20/02/2024 in Motor Accident Claim Petition)

MACP No. 12/2020 Fixed Date. 20-02-2024
Anjali Kacholliya & Other 1
VS
Harish Chandra & Other 4

To Non-Applicant No.1- **Harish Chander S/o Jai Narayan Age 43 Years. Occ.- Truck Owner (Owner of Truck bearing No. HR-46-C-5097) R/o- House No.73, VPO Lahli, Dist. Rohtak Hariyana State-124 001**

Where as Sau. Anjali Rameshchandra Kacholiya R/o Dongar Kinhi Ta. Malegaon, Dist. Washim, (Maharashtra State) has instituted a Motor Accident Claim Petition impleading you as one of the respondents. Which case has been directed to be listed before this Tribunal for hearing at 10.30 a.m. on 20-02-2024

The Claim is compensation of Rs. 10,00,000 (Rs. Ten Lac Only) against the respondent in respect of death of their Son Vivek Ramesh Kacholiya who died In Motor Accident on 24-06-2016 at Akola to Washim Road.

Now therefore by this paper publication Summons, above respondent No.1 is hereby directed to appear in this Tribunal in person or by a pleader or on behalf of any authorised person who is able to answer all such questions In default of your appearance, on the day above mentioned. In default of your appearance on the day the petition will be heard and determined in your absence. Hence informed by this to You.

**Given Under my Hand and the Seal of the Court, this Dt-16.01.2024**

Date 16/01/2024
Place Washim

By Order Sd/-
Superintendent (Judicial Branch)
District & Sessions Court,
Washim Ta. Dist. Washim (M.S.)

### किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के दोषी सहित तीन को उम्रकैद

सोनीपत। खरखौदा थाना क्षेत्र में किशोरी को बहकाकर ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म व मुख्य आरोपित की मदद करने की वारदात में शामिल तीन को दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने तीनों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषियों में घटना के समय एक आरोपित नाबालिग था। उसे भी बराबर सजा दी गई है।

# पंजाब रोडवेज की बस और ऑटो में टक्कर

## दो महिलाओं की मौत, छह घायल

■ बेटी के ससुराल किसी मृतक के दुख में शामिल होकर ऑटो में लौट रहा था परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर तलवंडी राणा गांव के पास पंजाब रोडवेज की बस व ऑटो के बीच हुई टक्कर में दो महिलाओं की मौत हो गई। हादसे में छह अन्य लोग घायल है, जिन्हें नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। ऑटो में आठ लोग सवार बताए गए हैं।

बताया जा रहा है कि पंजाब रोडवेज की बस नंबर पीबी10एफवी-6510 टोहाना से हिसार आ रही थी जबकि आटो नंबर एचआर39एफ-4811 हिसार से जुगलान जा रहा था। तलवंडी राणा गांव के पास बुधवार दोपहर को हुई इस घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी अशोक कुमार नागरिक अस्पताल पहुंचे और घायलों के परिजनों से बातचीत की। घायलों में 35 वर्षीय निर्मला, 40 वर्षीय रामधारी, 45 वर्षीय मीनापी, 35 वर्षीय राजवीर, 60 वर्षीय संतरो, 65 वर्षीय चन्द्र है। ऑटो राजवीर चला रहा था। मृतक महिलाओं की पहचान लगभग 50 वर्षीय बिमला व कमला के रूप में हुई है। मृतक और घायल सभी जुगलान गांव के रहने वाले हैं। जुगलान गांव निवासी रामधारी अपने परिवार के सदस्यों के साथ मोठसरा गांव गए थे। रामधारी की बेटी की ससुराल ठसरा गांव में किसी की मौत हो गई थी। उसके दुख में शामिल होने के लिए पूरा परिवार ऑटो में गया था। वहां से वापस जुगलान गांव आ रहे थे। इसी दौरान लुवास विश्वविद्यालय की नजदीक सामने से आ रही पंजाब रोडवेज की बस ने टक्कर मार दी। जुगलान गांव के सरपंच प्रतिनिधि अजय कुमार ने बताया कि हिसार चंडीगढ़ हाइवे जिसका ढ़ढूंर गांव से तलवंडी राणा के बीच में वन वे किया गया है।

### राज ओवरसीज व रिवेरा पर आयकर विभाग की रेड

पानीपत। पानीपत व दिल्ली में बुधवार की सुबह राज ओवरसीज व रिवेरा के सभी प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग की टीमें पहुंचे और दोनों कंपनियों के प्रतिष्ठानों के लेखा जोखे की जांच की। आय कर की टीमें राज ओवरसीज के मालिकों के पानीपत व दिल्ली स्थित निवास स्थानों भी जांच कर रही है। वहीं जनवरी माह के पहले पखवाडे में राज ओवरसीज पर जीएसटी ने भी सर्वे किया था। राज ओवरसीज की पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में 20 से अधिक फैक्टरियां है, जिनमें टेक्सटाइल उत्पाद बनते है और देश व विदेश में निर्यात किए जाते है। जबकि दो स्कूल है, बाल विकास स्कूल पानीपत शहर के विराट नगर में है और बाल विकास प्रोग्रेसिव स्कूल गांव जाटल के पास है। यहां पर भी आयकर की टीमें जांच कर रही है। स्मरणीय है कि राज ओवरसीज की स्थापना राजेश्वरनाथ ने की थी और सन 1975 में पानीपत से विदेशों में टेक्सटाइल उत्पादों निर्यात शुरू किया था। वहीं आय कर विभाग की टीमें रिवेरा की फैक्टरियों व इसके मालिक के घर में रखें दस्तावेजों की जांच कर रही है। दूसरी ओर, राज ओवरसीज की सीईओ सैनिल स्मिथ से आय कर विभाग के सर्वे के संबंध में बातचीत की गई तो उन्होंने बातचीत करने से इंकार कर दिया। इधर, समाचार लिखे जाने तक दोनों कंपनियों के प्रतिष्ठानों पर आय कर विभाग का सर्वे जारी था।

■ दोनों ग्रुप की 30 फैक्टरियों, दो स्कूलों व मालिकों के घरों में जांच कर रहीं टीमें

**NOTICE**

I, Army no. 3207627P NK Mohit s/o Sukhvir Village Bharan, Teh. Meham Distt. Rohtak Confirm that in my army record my mother name Rajesh date of birth is wrongly mentioned i.e. 06/06/1967 which is incorrect, her correct date of birth is 20/07/1968. My father name Sukhvir date of birth is wrongly mentioned i.e. 03/04/1965 which is incorrect, his correct date of birth is 08/05/1965. Please correct my mother's and father's date of birth Acc. To my affidavit no.R0292024A145 and GRN no. 112289435

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**संविदा चिकित्सक की नियुक्ति करना (सीएमपी)**

उत्तर रेलवे मंडल चिकित्सालय, दिल्ली मंडल में तीन संविदा चिकित्सक पद के लिए योग्य उम्मीदवारो से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी, सेवा शर्तें आवेदन का प्रारूप आदि उत्तर रेलवे की बेवसाइट **https://nr.indianrailways.gov.in** दिल्ली मण्डल पर उपलब्ध है। **पत्रस0:–एनआर–डीएलआईओपीईआरएस/466/2020/0डीपीओ/ए/डीएलआई/एनआर/22409/पी–9 दिनांक: 30.01.2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 325/24

**पब्लिक नोटिस**

आप सभी उपमण्डल चरखी दादरी के नागरिकों को सूचित किया जाता है कि उपमण्डल कार्यालय चरखी दादरी में वाहनों को नया नम्बर जारी करने के लिए S सीरीज पूरी हो चुकी है जिसके कारण अब नई सीरीज T चालू की जानी है।

इसलिए इस सीरीज में अपना पसंदीदा नम्बर लेना है उसके लिए खुली बोली दिनांक 30.01.2024 वार मंगलवार समय प्रातः 11:00 बजे होनी थी परन्तु उपमण्डल अधिकारी (ना.), चरखी दादरी के ट्रैनिंग पर होने के कारण नहीं हो सकी जो कि अब दिनांक 05.02. 2024 वार सोमवार को प्रातः 11:00 बजे होनी तय हुई है। अतः समयानुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**हस्ता/-वाहन पंजीकरण अथोर्टी एवं उपमण्डल अभियांत्रिकी चरखी दादरी**

पीआरडीएच-1029/11/415/2024/24595/88/6 दि. 31.01.24

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**भारत सरकार, रेल मंत्रालय**
**रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर रेलवे**
**रोज़गार सूचना सं. आरआरसी/एनआर 02/2024/सी. क्यू**
**आरआरसी वेबसाइटः www.rrcnr.org**
**सांकेतिक (सूचना)**

**वर्ष 2023-24 के लिए सांस्कृतिक कोटे में भर्ती**

उत्तर रेलवे में वर्ष 2023-24 हेतु सांस्कृतिक कोटे में 7वे सीपीसी के पे मैट्रिक्स लेवल 2 में 02 रिक्तियों के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| महत्पूर्ण तिथियाँ | |
|---|---|
| आरआरसी वेबसाइट पर विस्तृत अधिसूचना प्रकाशन की तिथि | 25.01.2024 |
| ऑनलाइन आवेदन करने की आरंभिक तिथि और समय | 31.01.2024 को 12 बजे |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि और समय | 29.02.2024 को 12 बजे |
| ऑनलाइन लिखित परीक्षा की संभावित तिथि | 09.03.2024 |

अध्यक्षा
333/2024 रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**ज्योतिष**

इंडिया के नं. 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटों में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मूठकरणी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289240

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

### यौन शोषण करने के दोषी को 10 साल कैद

जींद। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमरजीत सिंह की अदालत ने महिला का अपहरण कर बंधक बनाने, यौन शोषण करने तथा गर्भपात करवाने, मारपीट करने के जुर्म में दोषी को दस साल का कारावास तथा साढे 21 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। नरवाना इलाके के गांव की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव डाटा हिसार निवासी मनोज उसे नौकरी दिलाने का झांसे देकर उसे पंचकूला ले गया ओर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान गर्भवती होने पर जबरन उसका गर्भपात भी करवा दिया।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | एसडीओ ओपी एस/डिवी. यूएचबीवीएन बेरी हेतु चालक सहित पीछे की साइड से खुली बॉडी वाहन 1 अदद वाहन जीप/बोलेरो को किराये पर लेना। | बंद होने की तिथि 05.02.2024 | ईएमडी 6000/- प्रत्येक प्रतिदेय | www.uhbvn.org.in NIT-36XENBERI/2024-25 dated 06.02.2024 | 9315110303 xenopberi@uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24581/I/88/6 दि. 31.01.24

**निलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि दिनांक 22 फरवरी 2024 को प्रातः 11:00 बजे समीति कक्ष, पशु पोषण विभाग, लुवास, हिसार में अमरूद के बगीचे (6 एकड़ में 450 पेड़ लगभग) की एक वर्ष के अनुबंध (दिनांक 15 मार्च 2024 से 14 मार्च 2025 तक) के लिए खुली बोली की जाऐगी। बोलीदाता बोली से पहले अमरूद के बाग का निरीक्षण कर सकता है। जिसके लिए प्रत्येक बोलीदाता को बोली से पहले दिनांक 22 फरवरी 2024 को मु. 30000/- (तीस हजार रुपये) जमानत राशि नगद डी डी के रूप मे जमा करवाने होंगें। सफल बोलीदाता को 25% राशि मौके पर जमा करवानी होगी तथा शेष राशि 72 घंटे के अंदर-अंदर जमा करवानी होगी अन्यथा द्वितिय सफल बोलीदाता को एक वर्ष के अनुबंध के लिए बगीचे को दे दिया जाएगा, और पहले बोलीदाता की जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी शेष शर्ते मौके पर सुनाई जाएंगी। सभी बोलीदाता इस अवसर पर आमंत्रित हैं।

हस्ता/-प्रोफेसर एण्ड हेड
एनिमल न्यूट्रेशन विभाग लुवास
01662-25-6118
संवाद-1305/11/77/2024/24573/C/88/6 दि. 31.01.24

## राशिफल

**मेष** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

### पूर्व पार्षद की वर्कशॉप में लगी आग

पानीपत। समालखा कस्बे में पूर्व पार्षद बॉबी जांगड़ा की वर्कशॉप में मंगलवार की रात को अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। वहीं दमकल कर्मियों ने आग को काबू किया। बॉबी जांगड़ा ने बताया कि रात को करीब ढाई बजे शरारती तत्वों ने उनकी वर्कशॉप में आग लगा दी है। आग में वर्कशॉप में खड़े दो ट्रैक्टर, एक सेंट्रो कार, एक बाइक, तीन साइकिलें, एक जनरेटर सेट समेत वॉशिंग मशीन जल गई। जबकि आगजनी में वर्कशॉप में लगे पंखें व अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स सामान भी जल गए हैं। थाना समालखा पुलिस को इस मामले की शिकायत दी है।



शिक्षित युवा-सम्मानित व कुशल हुआ

**कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा**
कौशल भवन, प्लॉट नं आई.पी-2, सेक्टर-3, माजरी चौक, पंचकुला। **www.itiharyana.gov.in**

आई.टी.आई. पास उम्मीदवारों को अप्रैंटिसशिप करने का सुनहरा अवसर

हरियाणा सरकार के अधीन सभी विभागों, बोर्ड, कॉरपोरेशन एवं निगमों आदि के कार्यालयों में अप्रैंटिस एक्ट, 1961 के तहत ट्रेड अप्रैंटिस लगने के लिए आई.टी.आई. पास इच्छुक उम्मीदवार पोर्टल **www.apprenticeshipindia.gov.in** पर अपना ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर इस पोर्टल पर रजिस्टर्ड कार्यालयों में अप्रैंटिस लगने हेतू पोर्टल के माध्यम से वर्ष 2024 की प्रथम अनुसूचि के द्वितीय चरण के लिए दिनांक 12.02.2024 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। द्वितीय चरण के लिए निर्धारित अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा जिसका विस्तृत विवरण विभागीय वैबसाईट **www.itiharyana.gov.in** पर उपलब्ध है। आई.टी.आई. पास उम्मीदवार हरियाणा राज्य का स्थाई निवासी हो या दसवीं कक्षा हरियाणा राज्य से पास की हो या उम्मीदवार चंडीगढ़ (यू.टी.) का स्थाई निवासी हो और उसने हरियाणा या चंडीगढ़ में स्थित, किसी भी सरकारी मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से एन.सी.वी.टी./ एस.सी.वी.टी. के तहत आई.टी.आई. कोर्स पास किया हो। प्रत्येक प्रतिष्ठान में अप्रैंटिसशिप हेतू उपलब्ध सीटों के प्रति 20 प्रतिशत सीटों पर अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों को एवं 27 प्रतिशत सीटों के प्रति पिछड़ी श्रेणी के उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन में स्वयं की Email I.D. अपना मोबाईल नं. व अपना आधार नंबर सही दर्ज करें। पोर्टल द्वारा सभी सूचनाएं उम्मीदवार की ई.मेल./मोबाईल नं. पर ही भेजी जाएंगी। किसी भी जानकारी के लिए निकटतम राजकीय आई.टी.आई. संस्थान में संपर्क कर सकते हैं।

पीआरडीएच-1065/11/106/2024/24576/88/6 दि. 31.01.24 महानिदेशक

## शब्द पहेली - 5411



**बाएँ से दाए**
1. धरोहर,थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा,विश्वास-3
12. दुःख,परेशानी,कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर,घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत,होशियारी-5
25. डूबा हुआ,समाप्त-2
26. तीक्ष्ण,तेज-3
27. अधर्म,अपकृत्य-2
28. मनमौजी,चंचल-4
30. हत्या,वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार,व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा,रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति,सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ,मरीज-3
6. दम,ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत,मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' मैं सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर,राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश,मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 5410 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रा | ज | कु | मा | र | | म | नो | ह | र |
| दौ | र | | ली | | ख | न | न | | र | वा |
| ल | | जा | न | व | र | | न | ल | | य |
| त | न | य | | | खा | र | | की | म | त |
| खा | | दा | | ना | व | | ड | | दा | |
| ना | र | द | मु | नी | | प | र | व | री | श |
| | फ्ता | | ख | | स | द | | र्ध | | क |
| भ | र | ना | | स | भा | | | मा | हि | र |
| या | | का | का | | भ | द्दा | प | न | | कं |
| न | न | | त | ना | व | | ह | | दा | द |
| क | म | जो | र | | न | ग | र | वा | सी | |

## सूडोकु नवताल - 5421

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5420 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

# ईपीएल : आर्सेनल जीता, एदेबायो ने महज 18वें सेकंड में दागा गोल

एजेंसी ▶▶| लंदन

प्रीमियर लीग फुटबॉल ने संक्षिप्त शीतकालीन ब्रेक के बाद जोरदार वापसी की जब मंगलवार को हुए मुकाबलों में एक टीम ने सिर्फ 18 सेंकड जबकि दूसरी टीम ने सिर्फ 21 सेकंड बाद गोल दागा। आर्सेनल भी नॉटिंघम फॉरेस्ट को 2-1 से हराकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है और उसने शीर्ष पर चल रहे लिवरपूल पर दबाव बढ़ा दिया है। आर्सेनल की ओर से गैब्रिएल जीसस (65वें मिनट) और बुकायो साका (72वें मिनट) ने गोल दागे। नॉटिंघम फॉरेस्ट की ओर से एकमात्र गोल ताइवो अवोनियी ने 89वें मिनट में किया। इस जीत से आर्सेनल की टीम 22 मैच में 46 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। फॉरेस्ट की टीम इतने ही मैच में 20 अंक के साथ 16वें स्थान पर है। लिवरपूल 48 अंक के साथ शीर्ष पर है। उसने आर्सेनल से एक मैच कम खेला है।




## एलिजा ने दागा हैट्रिक गोल

*मंगलवार को कुल पांच मुकाबले हुए जिसमें 16 गोल दागे गए। लुटोन टाउन ने एलिजा एदेबायो के तीन गोल की मदद से ब्राइटन को 4-0 से हराया। टीम इस जीत से फिलहाल रेलीगेशन के खतरे से बाहर आ गई है। एदेबायो ने पहला गोल 18 सेकंड के बाद दागा। उनका यह गोल हालांकि बामुश्किल रात का सबसे तेज गोल रहा क्योंकि बेन ब्रेरेटन डियाज ने 21 सेकंड बाद गोल दागा लेकिन इसके बावजूद शेफील्ड यूनाईटेड को क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी। फुलहम ने एवर्टन से गोल रहित ड्रॉ खेला जबकि एस्टन विला को न्यूकासल के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा।*




## अफ्रीका ने मोरक्को को 2-0 से हराया

**अबिदजान।** दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को यहां प्री क्वार्टर फाइनल में मोरक्को को 2-0 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। दक्षिण अफ्रीका ने एविडेंस माकगोपा (57वें मिनट) और तेबोहो मोकोएना (90 प्लस पांच मिनट) के गोल की बदौलत जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाला मोरक्को इस मुकाबले में विंगर हकीम जियेच और सोफियान बोफाल के बिना उतरा था। ये दोनों जाम्बिया के खिलाफ जीत के दौरान चोटिल हो गए थे।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
शुद्धिपत्र– III
ई–निविदा सूचना संख्या– 01ExamCBTBid2024Acct
दिनांक: 16.01.2024
इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे ने बोलियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 05.02.2024 को 15:00 बजे तक बढ़ाने का निर्णय लिया है और प्राप्त बोलियां उसी दिन 15:00 बजे खोली जाएंगी।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 335/24

Horticulture Department, Haryana
Integrated Horticulture Development Centre,
Sundrah, (Mahendragarh)
Email:- ihdcsundrah@gmail.com, Ph:-01285-244076

टैण्ट (Tent) की व्यवस्था हेतु कुटेशन आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ में तृतीय होर्ट एक्सपो 2024 का आयोजन दिनांक 09 व 10 फरवरी 2024 को किया जाना है। इस तृतीय होर्ट एक्सपो में प्रतिदिन 500 किसान (कुल-1000 किसान) एंव अतिथिगण भाग लेगें। इस होर्ट एक्सपो में किसानों एंव अतिथिगण के लिए टैण्ट की व्यवस्था करने हेतु खुले बाजार से कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं।
सामान का विवरण निम्न प्रकार हैः- PVC Chair, Dunlop Chair with cover, Sofa VIP, Centre Table, Table with Cover, Pipe Pandal, Stage, Galicha, Carpet, Side Wall, Flag with Pipe, Takat, Stage stairs, Generator, Samiyana with waterproof etc.
इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 05.02.2024 सांय 05 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर/ई-मेल (ihdcsundrah@gmail.com) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी द्वारा कुटेशन आकलन करने उपरांत सबसे कम मुल्य वाली कुटेशन फर्म को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केन्द्र की आकलन कमेटी के पास होंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए बागवानी विशेषज्ञ, एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह से मो. 8168368079 पर संपर्क किया जा सकता है।
नोटः- कुटेशन केवल जी.एस.टी. पंजीकृत फर्म की ही मान्य की जाएगी।
हस्ता/-
परियोजना अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह

Horticulture Department, Haryana
Integrated Horticulture Development Centre,
Sundrah, (Mahendragarh)
Email:- ihdcsundrah@gmail.com, Ph:-01285-244076

भोजन की व्यवस्था हेतु कुटेशन आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ में तृतीय होर्ट एक्सपो 2024 का आयोजन दिनांक 09 व 10 फरवरी 2024 को किया जाना है। इस तृतीय होर्ट एक्सपो में प्रतिदिन 500 किसान (कुल-1000 किसान) एंव अतिथिगण भाग लेगें। इस होर्ट एक्सपो में किसानों के लिए सुबह की चाय / स्नैक्स व दोपहर के भोजन की व्यवस्था करने हेतु खुले बाजार से कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | किसानों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | Break Fast (Mix pakora+Tea) (Per day) | प्रतिदिन 500 किसान (कुल-1000 किसान) |
| 2 | Lunch (Puri+ 02 Sabji+ Sweets+ Boondi Raita) (Per day) | प्रतिदिन 500 किसान (कुल-1000 किसान) |

इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 05.02.2024 सांय 05 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर ई-मेल (ihdcsundrah@gmail.com) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी द्वारा कुटेशन आकलन करने उपरांत सबसे कम मुल्य वाली कुटेशन फर्म को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केन्द्र की आकलन कमेटी के पास होंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए बागवानी विशेषज्ञ, एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह से मो. 8168368079 पर संपर्क किया जा सकता है।
नोटः- कुटेशन केवल जी.एस.टी. पंजीकृत फर्म की ही मान्य की जाएगी।
हस्ता/-
परियोजना अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह

Horticulture Department, Haryana
Integrated Horticulture Development Centre,
Sundrah, (Mahendragarh)
Email:- ihdcsundrah@gmail.com, Ph:-01285-244076

स्टेशनरी के सामान की आवश्यकता हेतु कुटेशन आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ में तृतीय होर्ट एक्सपो 2024 का आयोजन दिनांक 09 व 10 फरवरी 2024 को किया जाना है। इस तृतीय होर्ट एक्सपो में प्रतिदिन 500 किसान (कुल-1000 किसान) एंव अतिथिगण भाग लेगें। इस होर्ट एक्सपो में किसानों को स्टेशनरी का सामान प्रदान किया जाऐगा। स्टेशनरी के सामान की व्यवस्था करने हेतु खुले बाजार से कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं।
सामान का विवरण निम्न प्रकार हैः- Writing conference pad, Blue ball pen, File folder, Cello power pen
इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 05.02.2024 सांय 05 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर ई-मेल (ihdcsundrah@gmail.com) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी द्वारा कुटेशन आकलन करने उपरांत सबसे कम मुल्य वाली कुटेशन फर्म को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केन्द्र की आकलन कमेटी के पास होंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए बागवानी विशेषज्ञ, एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह से मो0 8168368079 पर संपर्क किया जा सकता है।
नोटः- कुटेशन केवल जी.एस.टी. पंजीकृत फर्म की ही मान्य की जाएगी।
हस्ता/-
परियोजना अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह
पीआरडीएच-1149/11/559/2024/24586/88/6 दि. 31.01.24

## खबर संक्षेप



### एशियाई क्रिकेट में फिर भारत का दबदबा, शाह बने अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह को बुधवार को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एशियाई क्रिकेट परिषद का अध्यक्ष चुना गया। शाह के कार्यकाल के विस्तार का प्रस्ताव बाली में वार्षिक आम बैठक के दौरान श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष शमी सिल्वा ने रखा और एसीसी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से नामांकन का समर्थन किया। शाह सबसे पहले जनवरी 2021 में इस पद पर काबिज हुए थे। उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन की जगह ली थी।

### खेलो इंडियाः तेलंगाना की तैराक वृत्ति ने जीते पांच स्वर्ण

**चेन्नई।** तेलंगाना की वृत्ति अग्रवाल ने खेलो इंडिया युवा खेलों (केआईवाईजी) में पांच स्वर्ण पदक जीतकर अपने अभियान का अंत किया, जबकि ओवरऑल पदक तालिका में महाराष्ट्र का दबदबा बरकरार रहा। बुधवार को इन खेलों के आखिरी दिन से पहले से ही शीर्ष स्थान सुनिश्चित करने वाले महाराष्ट्र के तैराक ऋषभ दास ने लड़कों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में स्वर्ण पदक जीतने के बाद चार गुणा 100 मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल में राज्य के लिए स्वर्ण पदक की संख्या को बढ़ाया। महाराष्ट्र ने 156 पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया, जिसमें 57 स्वर्ण, 48 रजत और 53 कांस्य शामिल थे।

### अखिल ने काहिरा विश्व कप में कांस्य पदक जीता

**काहिरा।** पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता अखिल श्योराण ने बुधवार को यहां पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में कांस्य पदक जीतकर अपने करियर का दूसरा व्यक्तिगत आईएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) विश्व कप का पदक जीता। क्वालिफिकेशन में 589 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहने वाले अखिल ने आठ खिलाड़ियों के 45 निशाने के फाइनल में 451.8 का स्कोर किया। चेक गणराज्य के अनुभवी जिरी प्रिविरत्स्की ने 462.9 अंक के साथ स्वर्ण जबकि दो बार के विश्व चैम्पियन फ्रांस के रोमेन औफ्रेरे (460.5 अंक) ने रजत पदक जीता।

### भारत ने हॉकी-5 विश्व कप में मिस्र को 6-4 से हराया

**मस्कट।** भारतीय टीम ने बुधवार को यहां मिस्र पर 6-4 से रोमांचक जीत दर्ज करके एफआईएच हॉकी5 पुरुष विश्व कप में पांचवां स्थान हासिल किया। भारत के लिए मोहम्मद राहील (आठवां मिनट), पवन राजभर (नौवां मिनट), मनिंदर सिंह (10वां और, 23वां मिनट), मंदीप मोर (11वां मिनट) और उत्तम सिंह (13वां मिनट) ने गोल किए। मिस्र के लिए कप्तान अम्र ने सईद (14वां और 19 वां मिनट), मुस्तफा रागब (23वां मिनट), और करीम आतेफ (24वां मिनट) ने अपनी टीम के लिए गोल किया।

## क्रिकेट : विशाखापट्टनम के स्टेडियम में भारतीय टीम का रिकॉर्ड 2-0

# इंग्लैंड के 'बैजबॉल' की निकलेगी हवा, भारत करेगा तगड़ा पलटवार

एजेंसी ▶▶| विशाखापट्टनम

इंग्लैंड के हाथों पहले टेस्ट मैच में 28 रन से मिली हार के बाद भारतीय टीम दूसरे टेस्ट में पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतरेगी। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच विशाखाापट्टनम के वाई एस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में 2 फरवरी से खेला जाएगा। इस मैदान पर भारतीय टीम का टेस्ट क्रिकेट शानदार रहा है। ऐसे में टीम इंडिया के बेमिसाल आंकड़ें देख विरोधी टीम में खलबली मच गई है। दरअसल, विशाखापट्टनम के वाई एस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय टीम का रिकॉर्ड शानदार रहा है, जहां उन्होंने इस मैदान पर कुल दो टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्हें दोनों में जीत मिली है।

साल 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने इस मैदान पर टेस्ट खेला था, जिसमें विराट कोहली के नेतृत्व में टीम इंडिया को 246 रन से जीत मिली थी। इस मैच में विराट कोहली ने बल्ले से तबाही मचाते हुए पहली पारी में 167 रन औकर दूसरी पारी में 87 रन बनाए थे। आर अश्विन ने पहली पारी में 5 विकेट हासिल किए थे। इस शानदार प्रदर्शन की वजह से ये मैदान भारत के लिए बेहद ही यादगार है। इसके बाद साल 2019 में इस मैदान पर साउथ अफ्रीका को भारत ने 203 रन से पटखनी दी थी। मयंक अग्रवाल ने दोहरा शतक जमाया था, जबकि रोहित शर्मा ने पहली पारी में 176 रन बनाए थे। अश्विन ने 7 विकेट दर्ज किए थे।



### भारतीय टेस्ट टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत, ध्रुव जुरैल, आर अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वॉशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार।

### सरफराज और पाटीदार में से किसी एक को चुनना मुश्किल

भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने बुधवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए रजत पाटीदार और सरफराज खान में से किसी एक को चुनना 'मुश्किल' विकल्प होगा। भारतीय टीम शुक्रवार से होने वाले इस मैच को जीत कर पांच मैचों की श्रृंखला में वापसी करना चाहेगी। रविंद्र जडेजा और लोकेश राहुल की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर होने से भारत की मुश्किलें बढ़ गयी है। अनुभवी विराट कोहली पहले ही श्रृंखला के शुरुआती दो टेस्ट के लिए अनुपलब्ध है। इन परिस्थितियों में चयनकर्ताओं को सरफराज खान, सौरभ कुमार और वाशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। रजत पाटीदार पहले से ही टीम का हिस्सा है।

# सीडीएलयू सिरसा ने पूर्णिमा विवि जयपुर को 136 रन से दी मात

- कनिष्क ने ठोका टूर्नामेंट का पहला शतक
- ओपी जिंदल ग्लोबल सोनीपत ने गीतांजलि विवि जयपुर को 114 रन से मात दी
- जेआरआरएस यूनिवर्सिटी जयपुर ने डिक्रस्ट मुरथल को 99 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/झुंझुनूं

नार्थ वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में सीडीएलयू सिरसा ने पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जयपुर को 136 रन से, ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी सोनीपत ने गीतांजलि यूनिवर्सिटी जयपुर को 114 रन से और जेआरआरएस यूनिवर्सिटी जयपुर ने डिक्रस्ट मुरथल को 99 रन से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी



झुंझुनूं कैम्पस में चल रहे नार्थ वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच परिणाम की जानकारी देते हुए टूर्नामेंट आयोजन सचिव डॉ अरुण कुमार ने बताया कि सीडीएलयू सिरसा ने पूर्णिमा युनिवर्सिटी जयपुर को 136 रन से मात दी। उन्होंने बताया कि चौधरी देवीलाल युनिवर्सिटी सिरसा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। कनिष्क ने टूनामेंट का पहला शतक जडते हुए शानदार 107 रन बनाए और टीम का स्कोर 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 165 रन पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

### ओपी जिंदल विवि छाई

ओपी जिंदल ग्लोबल युनिवर्सिटी सोनीपत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में एक विकेट खोकर 189 रन का स्कोर खडा किया। वंश तिवारी ने 59 गेंदों का सामना करते हुए 7 चौके व 6 छक्के की मदद से शानदार 98 रन बनाए, जबकि पुलकित महाजन ने 31 रन और सिधांत ने 30 रन की उपयोगी पारी खेली। बडे लक्ष्य का पीछा करने उतरी गीतांजलि युनिवर्सिटी जयपुर की टीम 16.1 ओवर में 75 रन पर ऑल आउट हो गई और 114 रन से मैच हार गई। कार्तिक ने 4 ओवर में 9 रन देकर 3 विकेट और अनुज ने 3 ओवर में 13 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि गीतांजलि युनिवर्सिटी की तरफ से यथार्थ 24 रन बनाने में सफल रहे।

### डिक्रस्ट मुरथल हारी

जेआरआर संस्कृत युनिवर्सिटी जयपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पवन स्वामी के 43 रन और मनीष टाक के 36 रन की बदौलत 9 विकेट खोकर 172 रन का लक्ष्य खडा किया। दीनबंधु छेटूराम युनिवर्सिटी आफ साइंस एंड टेक्नालॉजी सोनीपत की ओर से मयंक ने 4 ओवर में 30 रन देकर 3 विकेट और शिवम ने 4 ओवर में 33 रन देकर 2 विकेट चटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डिक्रस्ट युनिर्सिटी मुरथल की टीम 17.3 ओवर में 73 रन के स्कोर पर ही ऑल आउट होकर मैच 99 रन से हार गई। जेआरआरएस युनिवर्सिटी जयपुर की ओर से मनीष टाक ने 3 ओवर में 16 रन देकर 3 और विवके ने 3 ओवर में 11 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

**एमएलएसयू उदयपुर ने 8 विकेट से जीत दर्ज कीः** मनिपाल युनिवर्सिटी जयपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इशान यादव के 35 रन, हर्षित के 21 रन की बदौलत में 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 133 रन बनाए। मोहनलाल सुखाडि़या युनिवर्सिटी उदयपुर के अभिषेक चंदेल ने 3 ओवर में 18 रन देकर 2, पुष्पेंद्र ने 4 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट लेने में कामयाबी हासिल की।

## टी-20 रैंकिंगः एक पायदान की छलांग, गेंदबाजी में भी आजमा रहीं हाथ

# शेफाली विश्व की टॉप-16 महिला बल्लेबाजों में शुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक की रहने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी शेफाली वर्मा के बेहतर प्रदर्शन की बदौलत टी-20 रैंकिंग में सुधार आया है। अब शेफाली वर्मा टी-20 में विश्व के 16 महिला बल्लेबाजों में शामिल हो गई हैं। उनकी रैंकिंग में एक पायदान का सुधार हुआ है। पहले शेफाली टी-20 क्रिकेट में महिला बल्लेबाजों में 17वें पायदान पर थीं। वहीं, अब उनकी रैंकिंग 16 हो गई है। शेफाली बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी में भी अपना हाथ आजमा रही हैं। ऑल राउंडर बल्लेबाजी की बदौलत कई बार टीम को जीत हासिल करवा चुकी हैं। वहीं, महिला टी-20 की ऑल राउंडर रैंकिंग में 104 अंकों के साथ 39वें स्थान पर हैं। जबकि, वन-डे में बल्लेबाजी की बात करें तो शेफाली 355 रेटिंग के साथ 54वें स्थान पर हैं। शेफाली की केवल टी-20 में बल्लेबाजी रैंकिंग सुधरी है।




**तोड़ चुकी सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्डः** शेफाली वर्मा टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली सबसे कम उम्र की क्रिकेटर हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के 30 साल पुराने उस रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जो सचिन ने 16 साल की उम्र में पहला अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक लगाने के साथ अपने नाम किया था। शेफाली ने 15 साल की उम्र में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक बनाया और सबसे कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक लगाने वाली क्रिकेटर बन गईं।

### 2019 में खेला था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का पहला मैच

शेफाली वर्मा ने सितंबर 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला टी-20 मैच से अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर की शुरुआत की थी। तब वह महज 15 साल की थीं। वेस्टइंडीज के खिलाफ 5 टी-20 मैचों की इस सिरीज में 158 रन के साथ शेफाली प्लेयर ऑफ दा सीरीज भी चुनी गईं। जनवरी 2020 में शेफाली को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह दी गई। वर्ल्ड कप में शेफाली 161 के स्ट्राइक रेट के साथ तीसरी सर्वाधिक रन बनाने वाली क्रिकेटर रहीं।

चिंतन

# अभिभाषण में देश की सुनहरी आर्थिक तस्वीर

राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ बजट सत्र का आगाज हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में सरकार की सुनहरी आर्थिक तस्वीर पेश की है, सरकार की उपलब्धियों का बखान किया है। परिपाटी भी यही रही है। इस अभिभाषण में देश के सामने उपस्थित राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक व सामरिक चुनौतियों को लेकर कोई खास जिक्र नहीं है और भविष्य के लिए भी स्पष्ट रोडमैप नहीं है। हमें अंतरिम बजट का ही इंतजार करना होगा जो आज आने वाला है। राष्ट्रपति के अभिभाषण में बताई गईं उपलब्धियों को देखें तो ये सभी बातें हाल में सरकार की ओर से समय-समय पर कही गई हैं। इस अभिभाषण में राम मंदिर के अलावा आर्थिक बिंदुओं का अधिक जिक्र है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि, राम मंदिर निर्माण से 'सदियों की आकांक्षा' पूरी हुई है। अभिभाषण में महिला आरक्षण कानून बनने सहित सरकार के विभिन्न कार्यों का लेखाजोखा दिया गया है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद स्पष्ट बहुमत की मोदी सरकार ने 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' (सुधार, कार्य प्रदर्शन और बदलाव) की अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखा है। सरकार मानती है कि विकसित भारत की भव्य इमारत 4 मज़बूत स्तंभों पर खड़ी होगी। ये स्तंभ हैं - युवाशक्ति, नारीशक्ति, किसान और गरीब (ज्ञान)। अंतरिम बजट के भी इन्ही चार स्तंभ पर केंद्रित रहने की संभावना है। डिजिटल भारत, स्टार्टअप्स भारत, नवाचार भारत, नॉलेज भारत, हरित तकनीक भारत और विज्ञान भारत विकसित भारत के अस्त्र बनेंगे। आतंकवाद हो या विस्तारवाद, हमारी सेनाएं आज 'जैसे को तैसा' की नीति के साथ जवाब दे रही हैं। गुलामी के कालखंड से प्रेरित अपराध न्याय प्रणाली अब इतिहास हो गई है, अब दंड को नहीं, अपितु न्याय को प्राथमिकता है। 'न्याय सर्वोपरि' के सिद्धांत पर नई न्याय संहिता देश को मिली है। हमारी अर्थव्यवस्था 10 वर्ष में 10वें से 5वें स्थान पर पहुंच गई है। दुनियाभर में गंभीर संकट के बीच भारत सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछली लगातार दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि दर साढ़े सात प्रतिशत से अधिक रही है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही है। जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। बाकी दो तिमाहियों में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। आंकड़ों में महंगाई दर नियंत्रित है। वृहद आर्थिक स्थिरता है। 10 वर्षों में पूंजीगत व्यय 5 गुना होकर 10 लाख करोड़ रुपये हो गया है। देश में डिजिटल के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में रिकॉर्ड निवेश हुआ है। आई-वे व हाई-वे दोनों मजबत हुए हैं। रेल, एयपोर्ट व पोर्ट इन्फ्रा भी मजबूत हुए हैं। 'वन नेशन, वन पावर ग्रिड' से बिजली की व्यवस्था में सुधार हुआ है। 'वन नेशन, वन गैस ग्रिड' से, गैस आधारित अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। आज विकसित देशों में भी भारत जैसी डिजिटल प्रणाली नहीं है। इन उपलब्धियों से अलग अभी सरकार खेती-बाड़ी को लाभकारी नहीं बना पाई है, खाद्य महंगाई उच्च स्तर पर बनी हुई है, सरकारी सेक्टर में रोजगार के मौके कम हो रहे हैं, सीमा पर तनाव की स्थिति है व गरीबी उन्मूलन चुनौती बनी हुई है। समाज में विभाजन बढ़ रहे हैं, राजनीतिक कटुता चरम पर है, केंद्रीय जांच एजेंसियां विश्वसनीयता के संकट से गुजर रही हैं। पेयजल, खाद्यान्न व ऊर्जा आपूर्ति चुनौती बनी हुई है। केंद्र व राज्य के संबंध तल्ख हुए हैं। इन विसंगतियों को दूर करने की दृष्टि को भी देश के सामने अभिभाषण के जरिये रखने की चेष्टा होनी चाहिए।



अंतरिम बजट

शंभु भद्र

# 'ज्ञान' को गारंटी का होगा रोडमैप

अंतरिम बजट में अर्थव्यवस्था में सरकार के फोकस एरिया का रोडमैप देखने को मिल जाएगा। सरकार ने हाल में गरीब, युवा, किसान व महिलाओं (ज्ञान) के उत्थान पर केंद्रित विकास पर अधिक चर्चा की है, इसलिए अंतरिम बजट में 'ज्ञान' के लिए नई घोषणाएं देखने को मिल सकती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन्हें चार 'जातियां' बता चुके हैं। यह भी कह चुके हैं कि उनकी योजनाओं के केंद्र में यही चार जातियां रहती हैं। इसके अलावा आयकर की छूट सीमा में वृद्धि, कर छूट, रोजगार सृजन, सस्ते मकान की योजना, इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिफेंस, हरित विकास, ग्रीन हाइड्रोजन, क्रिप्टो, एआई, शिक्षा व स्वास्थ्य आदि सेक्टर संबंधी घोषणाएं देखने को मिल सकती हैं।

आज वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश हो रहा है। यूं तो अंतरिम बजट होने के कारण किसी बड़े एलान की उम्मीद कम है, इसके बावजूद चुनावी वर्ष होने के चलते इसमें राजनीति और अर्थशास्त्र का संगम देखने को मिल सकता है। आम लोग, किसान, असंगठित श्रमिक, सेवा प्रदाता और उद्योग जगत समेत लगभग सभी वर्ग को बजट से उम्मीदें रहती हैं। चूंकि पूर्ण बजट इस बार नई सरकार के गठन के बाद जुलाई में आएगा, उसमें कायदे से बजट की बारीकियां देखने को मिलेंगी, लेकिन इस अंतरिम बजट में अर्थव्यवस्था में सरकार के फोकस एरिया का रोडमैप देखने को मिल जाएगा। सरकार ने हाल में गरीब, युवा, किसान व महिलाओं (ज्ञान) के उत्थान पर केंद्रित विकास पर अधिक चर्चा की है, इसलिए अंतरिम बजट में 'ज्ञान' के उत्थान लिए नया रोडमैप देखने को मिल सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इन्हें चार 'जातियां' बता चुके हैं। यह भी कह चुके हैं कि उनकी योजनाओं के केंद्र में यही चार जातियां रहती हैं। इसके अलावा आयकर की छूट सीमा में वृद्धि, कर छूट, रोजगार सृजन, सस्ते मकान की योजना, सोशल स्कीम्स में वृद्धि, इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिफेंस, हरित विकास, ग्रीन हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर उद्योग, निर्यात बढ़ाने के उपाय, क्रिप्टो, एआई, शिक्षा व स्वास्थ्य आदि सेक्टर से संबंधित कई नई घोषणाएं देखने को मिल सकती हैं। अंतरिम बजट सीधे तौर पर लोकलुभावन नहीं होगा, पर वह वोट बैंक की गणित के हिसाब से लगभग सभी आर्थिक व सामाजिक वर्ग को एड्रेस जरूर करेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पहले ही साफ़ कर दिया है कि नागरिकों को 1 फ़रवरी को पेश होने वाले अंतरिम बजट 2024-25 में किसी शानदार घोषणा की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। इस अंतरिम बजट में 'मोदी की गारंटी' वाली योजनाओं की छाप रहेगी। विश्व में युद्ध, संघर्ष, अशांति, भूराजनीतिक तनाव, सुस्त ग्रोथ, ट्रेड वार आदि के बावजूद अपने घरेलू कंज्यूमर की ताकत के चलते अंतरिम बजट प्रोग्रेस और अर्थव्यवस्था की मजबूती को बढ़ावा देने वाला होगा। समावेशी विकास के लिए देश को कॉरपोरेट के साथ कॉपरेटिव इकोनॉमी की तरफ भी बढ़ने की आवश्यकता है। बजट में अभी-अभी गरीबी से बाहर निकले नियो मिडिल क्लास के विकास पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

पिछले कुछ बजटों में एक वर्ष के बजाय तीन वर्ष, पांच वर्ष, दस वर्ष व पचीस वर्ष को ध्यान में रखकर आर्थिक घोषणाएं की गई हैं, ऐसे में एक वित्त वर्ष के आम बजट की अहमियत कम हुई है। अंतरिम बजट की तो बात ही क्या है। फिर भी सरकार कृषि बजट का आवंटन बढ़ा सकती है। किसान निधि राशि 6 हजार से बढ़ा कर 9 हजार प्रतिवर्ष कर सकती है। इससे करीब 11 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अग्रिम अनुमानों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 2022-23 में 4 प्रतिशत से घटकर 1.8 प्रतिशत होने की उम्मीद है। नए वित्त वर्ष में इसे बढ़ाने के उपाय बजट में करने की जरूरत है। महिलाओं व युवाओं के लिए रोजगारपरक फ्लैगशिप योजना शुरू की जा सकती है। बीपीएल गरीबों के लिए



भी सोशल वेलफेयर स्कीम्स का दायरा सरकार बढ़ा सकती है। सरकार 3एफ-फूड, फर्टिलाइजर व फ्यूल पर फोकस कर सकती है। ये मंत्र पिछले कुछ बजट में फोकस में रहे हैं। सबसे अधिक सब्सिडी खर्च इन्हीं तीन एफ पर होती है। सरकार 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए योगदान और निकासी पर कर रियायतें बढ़ाकर राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को और अधिक आकर्षक बना सकती है। राजकोषीय घाटे व वित्तीय घाटे को नियंत्रित करने की जरूरत है। आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए सरकार इस बजट में पूंजीगत व्यय बढ़ाकर बुनियादी ढांचा क्षेत्र के विकास की गति बनाए रख सकती है। ग्रामीण सड़क योजना व पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए अधिक आवंटन कर सकती है। फिनटेक व डिजिटेक उद्योग आर्थिक विकास की रीढ़ है। अंतरिम बजट में इन्हें समर्थन मिल सकता है।

अभी हाल में दो आंकड़े आए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि भारत में पांच साल में करीब 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए, नीति आयोग ने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल में करीब 24.82 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। अगर ये आंकड़े पुख्ता हैं, तो अब सरकार को अपनी रेवड़ी स्कीम्स की समीक्षा करनी चाहिए। पीडीएस, मुफ्त राशन, अंत्योदय, दूसरे डीबीटी स्कीम्स आदि को केवल जरूरतमंदों तक ही सीमित करने चाहिएं। यह कितना विरोधाभास है कि एक तरफ देश में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकल रहे हैं, दूसरी तरफ सरकार 80 करोड़ लोगों को पांच किलो मुफ्त अनाज दे रही है। अब समय आ गया है कि सरकार को सभी रेवड़ी योजनाओं को बंद करके केवल रोजगार सृजन योजना पर फोकस करना चाहिए। देश में बेरोजगारी की दर चिंताजनक स्तर पर है। भाजपा ने हर वर्ष दो करोड़ रोजगार सृजन का वादा भी किया था। नागरिकों को समर्थ, सक्षम बनाने की जरूरत है। मनरेगा, मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, कौशल विकास, स्वाबलंबन योजना, विश्वकर्मा योजना और सेल्फ हेल्फ ग्रुप योजना आदि के जरिये रोजगार सृजन को मजबूती मिल रही है, लेकिन इन सबको रोजगार सृजन की एक छतरी में लाकर एक प्रभावी फ़लैगशिप योजना रोल आउट की जा सकती है।

अभी भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से बढ़ रही है, चालू वित्त वर्ष में आयकर और कॉरपोरेट करों से संग्रह में उछाल दिख रहा है और जीएसटी संग्रह भी रिकार्ड हो रहा है, वैश्विक व घरेलू अनुमान 7 फीसदी जीडीपी दर के करीब के हैं। अभी भारत विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है, इसका साइज 3.7 ट्रिलियन डॉलर है। 2027 तक 5 ट्रिलियन व 2030 तक 7 ट्रिलियन की इकोनॉमी बनने की उम्मीद है, ऐसे में सरकार के पास कठोर वित्तीय फैसले लेने के मौके हैं। सरकार सब्सिडी को तर्कसंगत बनाए, पांच फीसदी तक महंगाई की चिंता ना करे, रेवड़ी स्कीम्स बंद करे, कृषि, सेवा क्षेत्र व उद्योग के लिए उदार माहौल बनाए। लालफीताशाही खत्म करे व जीएसटी को सरल बनाए। सरकार को कॉपरेटिव सेक्टर को मजबूत करना चाहिए। वृह्द, मध्यम, लघु व सहकारी उद्यम को एक साथ बढ़ावा देने से समावेशी विकास संभव है। यही विकसित भारत की राह है।

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए और सस्ते आवास के लिए सरकार आकर्षक योजनाएं ला सकती हैं। बीमा क्षेत्र की पहुंच को बढ़ाने के लिए 25 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिकों के लिए 65 वर्ष की उम्र तक अनिवार्य पेंशन स्कीम लेकर आना चाहिए, जिसमें हर नागरिक के लिए कम से कम 30 वर्ष योगदान करना अनिवार्य हो। इसमें सरकार को दोहरा फायदा है। विकास योजनाओं के लिए कभी फंड की दिक्कत नहीं होगी और वृद्ध नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा के लिए चिंता नहीं करनी होगी। नागरिकों को भी सरकार की पेंशन पर निर्भर नहीं रहना होगा। आर्थिक तस्वीर बदल सकती है।

(लेखक वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

बजट उम्मीद

सतीश सिंह



# विकासोन्मुखी होने की आस

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट 1 फरवरी को पेश होगा, जिसमें आम चुनाव को दृष्टिगत करते हुए वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण तेज विकास को सुनिश्चित करने के लिए बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत बनाने वाले प्रावधानों की घोषणा करने के साथ-साथ समावेशी विकास को सुनिश्चित करने,वित्तीय क्षेत्र को मजबूत बनाने, सरकारी सुविधाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और मौजूदा क्षमताओं का समुचित दोहन करने की दिशा में प्रावधान कर सकती हैं। चूंकि, बैंक विकास के सभी मानकों को विकसित करने के लिए ऋण मुहैया कराने या वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का काम करते हैं, इसलिए दूसरे क्षेत्रों के लिए किए गए बजटीय प्रावधानों का फायदा भी बैंकिंग क्षेत्र को मिलेगा। सरकार एक लंबे समय से बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए समीचीन कदम उठा रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब देखने को मिल रहे हैं, जिसमें सबसे अहम है,चालू वित्त वर्ष में बैंकों के मुनाफे में अभूतपूर्व इजाफ़ा होना। साथ ही सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किए गए सुधारों की वजह से बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आना और सकल एनपीए अनुपात का मार्च 2023 के 3.9 प्रतिशत से सितंबर 2023 में घटकर 3.2 प्रतिशत के स्तर पर पहुंचना भी महत्वपूर्ण है। देश के विकास की गति को तेज करने के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करना बहुत ही आवश्यक है, इसलिए अंतरिम बजट में इसके लिए विशेष प्रावधान किए जा सकते हैं। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने से आर्थिक गतिविधियों,रोजगार सृजन, ऋण व उत्पाद की मांग आदि में तेजी आएगी। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) कोरोना काल के नकारात्मक प्रभाव से बाहर निकल चुकी है। अब इसे मजबूत बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है, इसलिए अंतरिम बजट में एमएसएमई के लिए नई कर्ज गारंटी योजना शुरू की जा सकती है। साथ ही देश में स्टार्टअप्स, उद्यमिता, मेक इन इंडिया आदि को मजबूत करने के लिए विशेष राशि आवंटित की जा सकती है। पूर्व में इमरजेंसी क्रेडिट लिंक्ड गारंटी स्कीम योजना से एमएसएमई क्षेत्र को बहुत फायदा हुआ है। इस क्षेत्र का देश की जीडीपी में लगभग 35 प्रतिशत का योगदान है। बैंकों के ऋण वृद्धि दर में लगातार तेजी आ रही है। बड़े विनिर्माण क्षेत्र को छोड़ कर दूसरे सभी क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। गैर बैंकिंग वित्त कंपनियां जैसे, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग आदि ने खुदरा ऋण के वितरण में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है। बंधन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, फेडरल बैंक और आरबीएल आदि बैंकों की ऋण वृद्धि दर 18 प्रतिशत से अधिक रही है, जबकि पंजाब नेशनल बैंक की क्रेडिट वृद्धि दर 13.5 प्रतिशत रही है। वहीं,वित्त वर्ष 2024 में बैंकों की क्रेडिट वृद्धि दर 11.4 प्रतिशत रही है, जबकि जमा वृद्धि दर 9 प्रतिशत रही है। उच्च ऋण वृद्धि दर तब संभव हुई है, जब मई 2022 और फरवरी 2023 के बीच की अवधि में रेपो दर में 250 आधार अंकों की वृद्धि की गई थी। कृषि क्षेत्र अभी भी उपेक्षित है। हालांकि, इस क्षेत्र ने कोरोना काल में विकास दर को अक्षुण्ण रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसलिए,किसानों और कृषि मजदूरों की आर्थिक स्थिति को बेहतर करने के लिए अंतरिम बजट में पीएम-किसान सम्मान निधि की सहायता राशि को 6000 से बढ़ाकर 7000 रुपये की जा सकती है। साथ ही,कृषि क्षेत्र को सशक बनाने के लिए कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 22 से 25 लाख करोड़ रुपए किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को मूर्त रूप देने के बाद से अर्थव्यवस्था में संगठित क्षेत्र का दायरा बढ़ा है, क्योंकि, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की सदस्यता में वृद्धि दर्ज की गई है। ईपीएफओ के अंतरिम पेरोल आंकड़ा के अनुसार अक्टूबर 2023 के महीने में 15.29 लाख सदस्य शामिल हुए, जो पिछले साल की समान अवधि से 18.22 प्रतिशत अधिक थे। भारत में तेज विकास दर का मुख्य कारण घरेलू मांग में तेजी आना है। देश में सरकारी और निजी निवेश दोनों में तेजी आई है। इज ऑफ डूइंग बिजनेस और स्पेशल इकनॉमिक जोन के तहत कारोबारियों को विशेष सुविधाएं देने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा लगातार कोशिश की जा रही है साथ ही साथ अन्य आर्थिक सुधार भी मुसलसल किए जा रहे हैं। सरकार ने 2047 तक देश को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है और मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस लक्ष्य को हासिल भी किया जा सकता है। ऐसे में यह कहना समीचीन होगा कि अंतरिम बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री वैसे प्रावधान करेंगी, जिनकी मदद से देश के विकास को पंख लग सकें साथ ही साथ आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए कल्याणकारी प्रावधानों की भी घोषणा की जा सकती है।

(लेखक बैंक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित

दर्शन

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं। *-सद्गुरु*

## भगवान या भाग्य को दोष नहीं देना चाहिए



संकलित

प्रेरणा

एक बूढ़ी महिला गौतम बुद्ध के पास पहुंची। उस महिला की बुद्ध के लिए गहरी आस्था थी। दरअसल, उस महिला के बेटे की मृत्यु हो गई थी। महिला बहुत दुखी थी और उसने बुद्ध से कहा कि आप मेरे बच्चे को जीवित कर दीजिए। महिला को लग रहा था कि बुद्ध उसके बेटे का जीवन बचा सकते हैं। बुद्ध ने महिला की बात सुनी और कुछ देर सोचने के बाद उन्होंने कहा कि ठीक है, मैं ऐसा कर दूंगा, लेकिन तुम्हें किसी ऐसे घर से मुट्ठी भर सरसों के दाने लेकर आना है, जहां कभी किसी की मौत न हुई हो। जिस परिवार ने किसी की मृत्यु का दुख नहीं देखा है, वहां से सरसों ले आओ। महिला ने सोचा कि ये तो छोटा सा काम है। बूढ़ी महिला गांव की ओर चल दी और एक-एक घर में जाकर पूछने लगी। महिला जिस घर में जाती, वहां कहती कि अगर आपके घर में कभी किसी की मृत्यु न हुई हो तो एक मुट्ठी सरसों के दाने दे दीजिए। गांव के सभी लोगों का यही जवाब रहता था कि हमारे घर में मृत्यु तो हुई है। कुछ लोगों की बढ़ी उम्र में हुई है तो किसी की असमय हुई। जब सभी घरों से ऐसे ही उत्तर मिल रहे थे तो महिला समझ गई कि बुद्ध ने मुझे जरूर कुछ सोचकर ही भेजा है। जब वह लौटकर बुद्ध के पास पहुंची, तब तक वह जान चुकी थी कि एक दिन मौत सबको आनी है। उसका शोक लंबे समय तक नहीं मनाना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### गहरी हैं भ्रष्टाचार की जड़ें

सन 1972 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने कहा था कि भ्रष्टाचार व्यापक जोड़ तोड़, व्यक्तिगत लाभ, स्वार्थ परक राजनीति से पनपता है। इससे भ्रष्ट नौकरशाह को बढ़ावा मिलता है। इस स्थिति में सत्यनिष्ठ और ईमानदार लोगों को काम करने में कठिनाई होती है। देश में ईडी के पड़ रहे छापे से यह बात साबित होती है की देश में पहले से भ्रष्टाचार बढ़ा है। अधिकारी और राजनेता इसमें लिप्त पाये जा रहे है। पक्ष-विपक्ष एक दूसरे पर भ्रष्टाचार का आए दिनों आरोप लगाते रहते हैं। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद की है, लेकिन इसकी जड़ें बहुत गहरी हैं, इससे मिलकर लड़ना होगा। *-राजेश सोनी, रायगढ़*

## ट्रेंड

### पीढ़ियां हमें याद रखें



कई मित्र वर्ष 2047 को देखने के लिए इस सदन में नहीं होंगे, लेकिन हमारी विरासत ऐसी होनी चाहिए कि आने वाली पीढ़ियां हमें याद रखें। सीमाओं से सटे गांवों को अंतिम गांवों के रूप में देखा जाता था। हमने उन्हें पहले गांवों के रूप में मान्यता दी।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### डब्ल्यूएचओ अस्पताल में तैनात



गाजा के खान यूनिस में नासिर अस्पताल के आसपास चल रहे भारी सैन्य अभियानों के बीच, डब्ल्यूएचओ और साझेदार 1000 रोगियों के लिए आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति पहुंचाने में सक्षम थे। ।

-टेड्रोस एडनोम, डब्ल्यूएचओ प्रमुख

### कर्म बीज हैं और हम परिणाम



हर कार्य परमात्मा की सेवा मानकर करना ही जीवन की संसिद्धि का रहस्य है। कर्म बीज हैं, हम जो भी हैं अपने कर्मों का परिणाम हैं, इसलिए कर्म योग हमें यह सिखाता है कि हमारे शुभाशुभ कर्मों द्वारा ही हमारे भविष्य का निर्धारण होता है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### फ़र्ज़ीवाडा करते फर्ज निभाया



चंडीगढ़ मेयर चुनाव कितना निष्पक्ष था इसका अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीजेपी ने अपने नेता को पीठासीन अधिकारी बनाया था। फ़र्ज़ीवाडा करते हुए अपना फ़र्ज़ और पार्टी का क़र्ज़ बहुत अच्छे से निभाया इन्होंने।

-राघव चड्ढा, आप सांसद

## करंट अफेयर


### नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया पूर्ण



नोबेल शांति पुरस्कार-2024 के लिए नामांकन की प्रक्रिया बुधवार को समाप्त हो जाएगी। इसके लिए नामांकित लोगों में गाजा और यूक्रेन युद्धों से जुड़े शांति कार्यकर्ता शामिल हैं। नॉर्वे की नोबेल समिति नामांकन को गुप्त रखती है, लेकिन नामांकन अधिकार वाले लोग कभी-कभी अपनी पसंद को सार्वजनिक कर देते हैं। गाजा में युद्ध को समाप्त करने का प्रयास कुछ घोषित नामांकनों का विषय रहा है। फ्री यूनिवर्सिटी एम्स्टर्डम के शिक्षाविदों ने कहा कि उन्होंने इजराइल और फलस्तीनियों के बीच शांति प्रयासों के लिए पश्चिम एशिया स्थित संगठनों इकोपीस, वुमेन वेज पीस और वुमेन ऑफ द सन को नामित किया है। विश्वविद्यालय के शांति और संघर्ष अध्ययन विभाग ने कहा,'वे महिलाओं और जलवायु न्याय की भूमिका पर विशेष ध्यान देने के साथ पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने के लिए समुदायों को एक साथ ला रहे हैं।' नॉर्वे की सांसद इंगविल्ड वेट्रहस थोर्सविक ने समाचार पत्र वीजी को बताया कि उन्होंने गाजा की स्थिति का दस्तावेजीकरण करने के लिए फलस्तीनी वीडियो पत्रकार मोताज़ अजैजा को नामित किया है।

## ऑफ बीट

### कीड़े रात में रोशनी के पास आते हैं



लौ पर मंडराते कीटों के इस सम्मोहक व्यवहार के लिए कई पुराने स्पष्टीकरण पूरी तरह से सामने नहीं आए हैं। एक प्रारंभिक धारणा यह थी कि कीड़े लौ की गर्मी से आकर्षित हो सकते हैं। यह दिलचस्प था, क्योंकि कुछ कीड़े वास्तव में पायरोफिलिक होते हैं: वे आग की ओर आकर्षित होते हैं, लेकिन प्रकाश के आसपास के अधिकांश कीड़े इस श्रेणी में नहीं आते हैं, और ठंडी रोशनी भी उन्हें खूब आकर्षित करती है। एक और विचार यह था कि कीड़े सीधे प्रकाश की ओर आकर्षित होते हैं, इस प्रतिक्रिया को फोटोटैक्सिस कहा जाता था। कई कीड़े प्रकाश की ओर बढ़ते हैं, शायद अंधेरे या उलझे हुए परिवेश से बचने के एक तरीके के रूप में। लेकिन अगर यह प्रकाश के चारों ओर समूहों के लिए स्पष्टीकरण था, तो आप उनसे सीधे स्रोत में टकराने की उम्मीद कर सकते हैं। यह उन कीड़ों के प्रकाश के आसपास बेसबब चक्कर लगाने वाले व्यवहार की व्याख्या करने में बहुत कम योगदान देता है। फिर भी एक और विचार यह था कि कीड़े गलती से पास की रोशनी को चंद्रमा समझ सकते हैं, क्योंकि वह आकाशीय रास्ते का उपयोग करने का प्रयास करते हैं। कई कीड़े रात में अपना रास्ता बनाए रखने के लिए चंद्रमा का संदर्भ लेते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

वित्त मंत्री सीतारमण आज पेश करेंगी मोदी सरकार 2.0 का अंतिम बजट



# इस बार ऑनलाइन पेश होगा बजट

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का बुधवार को आगाज हो गया। राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ बजट सत्र की शुरुआत हो गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शुक्रवार को अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह मोदी सरकार 2.0 का अंतिम बजट भी होगा। देशभर की नजर पेश होने वाले बजट पर रहेगी। लोकसभा चुनाव नजदीक होने के कारण नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 112 के तहत हर वित्तीय वर्ष की शुरुआत से पहले सरकार संसद में केंद्रीय बजट पेश करती है। बजट किसी वित्तीय वर्ष में होने वाली सरकार की आमदनी और खर्चों से जुड़ा दस्तावेज है। यह वित्तीय वर्ष हर साल 1 अप्रैल से शुरू होकर अगले साल 31 मार्च को समाप्त होता है। इस साल आम चुनाव होने हैं इसलिए इस बार यह अंतरिम बजट होगा। इस बार सरकार जो बजट पेश करेगी वह सिर्फ नई सरकार के आने तक सरकारी खर्चों को पूरा करने के लिए होगा। आम चुनावों के बाद चुनी गई नई सरकार की ओर से जुलाई में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। इस बार बजट प्रकाशित नहीं हो रहा है, बल्कि ऑनलाइन हो रहा है।

## ऐसा रहेगा शेड्यूल

- वित्त मंत्री सीतारमण 1 फरवरी को सुबह 8 बजकर 15 मिनट पर सबसे पहले अंतरिम बजट की तैयारी करने वाली अपनी पूरी टीम के साथ फोटो सेशन में हिस्सा लेंगी।
- इसके बाद वो 8 बजकर 45 मिनट पर राष्ट्रपति से बजट की मंजूरी लेंगी। सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर वित्त मंत्री संसद पहुंचेंगी और 10 बजे कैबिनेट बैठक में इस बजट को मंजूरी दी जाएगी। सीतारमण 11 बजे बजट पेश करेंगी।

## वह सब जो आपको बजट के बारे में जानना जरूरी है

### क्या होता है बजट

एक वित्त वर्ष में सरकार कितनी कमाई करेगा और उसका कहां-कहां कितना खर्च होगा, इस बात की पूरी जानकारी मुहैया कराने को बजट कहा जाता है। बजट की घोषणा के दौरान ही सरकार तमाम योजनाओं की घोषणा भी करती है, क्योंकि योजनाओं को चलाने में भी सरकार का पैसा खर्च होता है। वहीं टैक्स समेत तमाम तरह की राहतों की घोषणा भी बजट में की जाती है, क्योंकि यह भी सरकार के खर्च जैसा ही है।

### कितने तरह के होते हैं बजट

बजट मुख्य रूप से तीन प्रकार के होते हैं। 'बैलेंस बजट' में सरकार की कमाई और खर्च बराबर होता है। 'सरप्लस बजट' में सरकार की कमाई खर्च से ज्यादा होती है। 'डेफिसिट बजट' में सरकार की कमाई खर्च से कम होती है।

**वित्त विधेयक :** बजट की घोषणाओं के बाद उसे लागू करने तक की प्रक्रिया भी काफी बड़ी होती है। यूनियन बजट को पेश करने के तुरंत बाद जो बिल पास किया जाता है, उसे वित्त विधेयक कहते हैं। वित्त विधेयक में सरकार अपनी आय के तमाम स्रोतों को दिखाती है।

**विनियोग विधेयक :** वित्त विधेयक के साथ-साथ सरकार बजट के दूसरे भाग को भी सदन के सामने रखती है, जिसे एप्रोपिएशन बिल यानी विनियोग विधेयक कहते हैं। इसमें सरकार अपने खर्चों की जानकारी सदन में रखती है।

### महंगाई दर

बजट के दौरान इन्फ्लेशन यानी महंगाई शब्द का बार-बार जिक्र किया जाता है। इन्फ्लेशन का मतलब महंगाई दर से है। इसे पर्सेंट में व्यक्त किया जाता है। महंगाई दर बढ़ने का आसान मतलब है कि करंसी की वैल्यू गिर रही है, जिससे खरीदने की क्षमता घट जाती है। खरीदने की क्षमता घटने का मतलब है कि मांग में कमी आ जाती है।

### 1. राजकोषीय नीति

सरकार किस तरह खर्च करेगी और टैक्स सिस्टम क्या होगा, यह उसका ब्लूप्रिंट होता है। सरकार फिस्कल पॉलिसी तैयार करती है और रिजर्व बैंक मॉनिटरी पॉलिसी तैयार करता है। इस पॉलिसी के तहत सरकार महंगाई दर, बेरोजगारी दर और मौद्रिक नीति को लेकर फैसला करती है। इकनॉमिक हेल्थ के लिए इसे बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है।

### 2. राजकोषीय घाटा

ये सरकार के खर्चे और कमाई के बीच का अंतर है। अगर खर्चे सरकार की कमाई से अधिक हो जाते हैं तो उसे फिस्कल डेफिसिट या राजकोषीय घाटा कहते हैं।

### 3. राजकोषीय मुनाफा

अगर सरकार की कमाई उसके खर्चों से अधिक हो जाती है तो उसे फिस्कल सरप्लस कहते हैं। हालांकि, ऐसी स्थिति नहीं आती है, बल्कि सरकार के सामने हमेशा यही चुनौती रहती है कि वह अपने फिस्कल डेफिसिट को कम कैसे रखे।

### 4. राजस्व घाटा

सरकार हर साल कमाई का लक्ष्य निर्धारित करती है। अगर कमाई उम्मीद से कम होती है तो इसे रेवेन्यू डेफिसिट कहते हैं। रेवेन्यू डेफिसिट का मतलब सरकार ने वित्त वर्ष के दौरान ज्यादा तेजी से खर्च किया। दूसरे शब्दों में सरकार ने जरूरी खर्च के लिए कम से कम कमाई नहीं की। विनिवेश यानी निजीकरण का फैसला रेवेन्यू डेफिसिट पर बहुत हद तक निर्भर करता है।

### प्राइमरी डेफिसिट

फिस्कल डेफिसिट में पूर्व में लिए गए कर्ज पर इंट्रेस्ट पेमेंट्स को घटाने पर प्राइमरी डेफिसिट आता है। फिस्कल डेफिसिट में सरकार की तरफ से लिया जाने वाला कर्ज और पुराने कर्ज पर चुकाया जाने वाला इंट्रेस्ट शामिल होता है। प्राइमरी डेफिसिट में पुराने कर्ज पर चुकाने वाले इंट्रेस्ट को नहीं जोड़ा जाता है। भारत में फिस्कल डेफिसिट का बड़ा हिस्सा पुराने कर्ज पर चुकाए जाने वाला इंट्रेस्ट होता है।

### करंट अकाउंट डेफिसिट

यह शब्द ट्रेड के लिहाज से बेहद अहम है। जब एक देश की तरफ से गुड्स और सर्विस की इंपोर्ट वैल्यू एक्सपोर्ट्स की तुलना में बढ़ जाती है तो उसे करंट अकाउंट डेफिसिट (चालू खाता घाटा) कहा जाता है। इसका असर देश के बैलेंस पेमेंट पर होता है। साथ ही करंट अकाउंट डेफिसिट बढ़ने से करंसी की वैल्यू घटती है। करंट अकाउंट डेफिसिट को जीडीपी के मुकाबले पर्सेंट में लिखा जाता है।

### विनिवेश

जब सरकार अपनी संपत्ति को बेचकर कमाई करती है तो इसे डिस-इन्वेस्टमेंट यानी विनिवेश कहते हैं। पिछले कुछ महीनों में सरकार तेजी से पीएसयू में अपनी हिस्सेदारी बेच रही है और पैसे जुटा रही है। सरकार तमाम कंपनियों में हिस्सेदारी उसका आईपीओ लाकर भी बेचती है। कुछ समय पहले ही सरकार आईआरसीटीसी का आईपीओ लाई थी और अब रेलवे की फाइनेंसिंग कंपनी आईआरएफसी का आईपीओ भी कंपनी ला रही है।

### ट्रेड डेफिसिट

ट्रेड डेफिसिट करंट अकाउंट डेफिसिट का बहुत बड़ा हिस्सा होता है। ट्रेड डेफिसिट बढ़ने का मतलब एक देश ज्यादा खरीद रहा है और कम बेच रहा है। जब निर्यात के मुकाबले आयात बढ़ता है तो इसे ट्रेड डेफिसिट कहते हैं।

### मौद्रिक नीति

मौद्रिक नीति ऐसी प्रक्रिया है, जिसकी मदद से रिजर्व बैंक अर्थव्यवस्था में पैसे की आपूर्ति को नियंत्रित करता है। मौद्रिक नीति से कई मकसद साधे जाते हैं। इनमें महंगाई पर अंकुश लगााय जाता है, कीमतों में स्थिरता लाई जाती है और टिकाऊ आर्थिक विकास दर का लक्ष्य हासिल करने की कोशिश की जाती है। रोजगार के अवसर तैयार करना भी इसके उद्देश्यों में से एक है। अर्थव्यवस्था में नकदी की आपूर्ति पर बैंकों के कैश रिजर्व रेशियो या ओपन मार्केट ऑपरेशन से सीधे असर डाला जा सकता है। रेपो रेट और रिवर्स रेपो रेट के जरिए कर्ज की लागत को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

### क्या होती है जीडीपी

बजट और अर्थव्यवस्था के लिहाज से जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) सबसे महत्वपूर्ण शब्द है। देश द्वारा एक वित्त वर्ष में कितने वैल्यू की गुड्स और सर्विस पैदा की गई उसे जीडीपी कहते हैं। खर्च के लिहाज से- कंज्यूमर द्वारा, बिजनस द्वारा और सरकार द्वारा जितनी रकम खर्च की गई है उसे जोड़ने पर जीडीपी निकलता है। भारत के जीडीपी में सर्विस सेक्टर का योगदान सबसे ज्यादा है।

### प्रत्यक्ष कर

किसी व्यक्ति या संस्थान की आय पर जो टैक्स लगते हैं, वो डायरेक्ट टैक्स (प्रत्यक्ष कर) की श्रेणी में आते हैं। इनमें इनकम टैक्स, कॉर्पोरेट टैक्स और इनहेरिटेंस टैक्स शामिल हैं।

### अप्रत्यक्ष कर

ऐसा टैक्स जिसे उपभोक्ता सीधे जमा नहीं कराते, लेकिन आपसे सामानों और सेवाओं के लिए इस टैक्स को वसूला जाता है। देश में तैयार, आयात व निर्यात किए गए सभी सामनों पर जो टैक्स लगते हैं उन्हें इनडायरेक्ट टैक्स (अप्रत्यक्ष कर) कहते हैं। इनमें सीमा शुल्क (कस्टम ड्यूटी) और उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) भी शामिल हैं। जीएसटी भी एक तरह का इनडायरेक्ट टैक्स ही है।

### राष्ट्रीय कर्ज

केंद्र सरकार के राजकोष में शामिल कुल कर्ज को राष्ट्रीय कर्ज कहते हैं। बजट घाटों को पूरा करने के लिए सरकार इस तरह के कर्ज लेती है।

### सरकारी कर्ज

यह वह धन है, जिसे सरकार सार्वजनिक सेवाओं पर होने वाले खर्च को फंड करने के लिए उधार लेती है। इसे ही गवर्नमेंट बॉरोइंग यानी सरकारी कर्ज कहा जाता है।

### ऑफ बजट बॉरोइंग

ये वो कर्ज होता है, जो सरकार खुद नहीं लेती, लेकिन इसे सरकार के निर्देश पर किसी सरकारी काम या प्रोजेक्ट के लिए ही लिया जाता है। उदाहरण के लिए सरकार का एक बड़ा खर्च होता है फूड सब्सिडी देना। 2020-21 में सरकार ने कुल बिल 1,51,000 करोड़ में से सिर्फ 77,892 करोड़ का ही बिल दिया। बाकी का बिल नेशनल स्मॉल सेविंग फंड के जरिए चुकाया गया। यहां नेशनल स्मॉल सेविंग फंड के जरिए ऑफ बजट बॉरोइंग (बजट के बाहर से कर्ज) की गई।

### महंगाई

कुछ समय के लिए जब किसी इकॉनमी में सामानों और सेवाओं की कीमतों का दाम बढ़ जाता है, तो उसे महंगाई कहते हैं। जब आम वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं, तभी करंसी की हर यूनिट से कुछ सामान और सेवाएं खरीदी जाती हैं। भारत में अभी होलसेल प्राइस इंडेक्स (थोक मूल्य सूचकांका) और कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (उपभोक्ता मूल्य सूचकांका) के जरिए महंगाई को मापा जाता है।

### इनकम टैक्स

सैलरी, निवेश, ब्याज जैसे विभिन्न साधनों से होने वाली इनकम अलग-अलग स्लैब के तहत टैक्सेबल होती है। यानी इनकम पर जो टैक्स लिया जाता है, उसे इनकम टैक्स (आयकर) कहते हैं। इनकम टैक्स के तहत भी आपको कई तरह के टर्म सुनने को मिलते हैं।

### क्या होती है ग्रॉस इनकम

ग्रॉस सैलरी वह अमाउंट होता है, जो कंपनी की तरफ से आपको सैलरी के रूप में मिलता है। ग्रॉस सैलरी में बेसिक सैलरी, एचआरए (हाउस रेंट अलाउंस), ट्रैवल अलाउंस, महंगाई भत्ता या डीए, स्पेशल अलाउंस, अन्य अलाउंस, लीव इनकैशमेंट आदि शामिल होते हैं। ग्रॉस सैलरी को टेक होम सैलरी भी कहा जाता है। टैक्सेबल इनकम की गणना के लिए ग्रॉस इनकम पता होना बहुत जरूरी है, क्योंकि यही पहला स्टेप होता है। आपकी ग्रॉस इनकम कितनी है, ये आपकी कंपनी की तरफ से दिए गए फॉर्म-16 में लिखा होता है।

### क्या होती है नेट इनकम

जब आप आईटीआर फॉर्म भरेंगे तो वहां शुरू के कुछ प्वाइंट भरने के बाद ही आपके सामने नेट सैलरी का एक कॉलम होगा। इसे आपको भरना नहीं होता है, ये अपना आप भर जाता है, लेकिन सवाल ये है कि ये होता क्या है। दरअसल, आपकी ग्रॉस सैलरी में से जब लीव ट्रैवल अलाउंस, हाउस रेंट अलाउंस, अर्न्ड लीव इनकैशमेंट जैसे तमाम अलाउंस को घटा दिया जाता है, तो ये आपकी नेट सैलरी बन जाती है।

### क्या होती है टैक्सेबल इनकम

जब आपकी नेट सैलरी निकल आती है तो उसमें से आपकी सेविंग्स और डिडक्शन को घटाया जाता है। जैसे स्टैंडर्ड डिडक्शन 50 हजार रुपये का कम किया जाता है, आपकी तरफ से टैक्स बचाने के लिए 80सी के तहत किए गए निवेशों को घटाया जाता है, आपकी तरफ से दिए गए हेल्थ इंश्योरेंस और लाइफ इंश्योरेंस के प्रीमियम को घटाया जाता है, किसी तरह के मेडिकल खर्च को आप दिखाते हैं तो उसे भी घटाया जाता है। साथ ही इसमें किसी प्रॉपर्टी से हुई कमाई या फिर किसी अन्य सोर्स से हुई आमदनी को भी जोड़ा जाता है। ये सब होने के बाद सीधे-सीधे इनकम टैक्स में मिलने वाली छूट की रकम को घटाया जाता है। (मौजूदा समय में यह 2.5 लाख रुपये आम आदमी के लिए है)। इन सब के बाद जो इनकम बचती है, वह टैक्सेबल इनकम (कर योग्य आय) होती है, जिस पर आपको टैक्स चुकाना होता है।

## दस साल में 10वें से 5वें स्थान पर पहुंच गई है हमारी अर्थव्यवस्था : मुर्मू



बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति ने लोकसभा एवं राज्यसभा की संयुक्त बैठक को किया संबोधित

**नई दिल्ली (भाषा)** । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि भारत पहले पांच सबसे नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से था और आज यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत दस साल पहले मौजूदा बाजार मूल्यों पर 1,900 अरब अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। आज यह 3,700 अरब अमेरिकी डॉलर (अनुमानित 2023-24) के जीडीपी के साथ पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। मुर्मू ने बजट सत्र के पहले दिन लोकसभा एवं राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहा, '' भारत को पहले पांच सबसे नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल किया जाता था। आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। दुनियाभर में गंभीर संकट के बीच भारत सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है।'' उन्होंने कहा कि दुनियाभर में गंभीर संकट के बीच भारत सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछली लगातार दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि दर साढ़े सात प्रतिशत रही है। उल्लेखनीय है चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही है। वहीं जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। मुर्मू ने कहा, '' बीते वर्षों में विश्व ने दो बड़े युद्ध देखे और कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी का सामना किया। ऐसे वैश्विक संकट के बावजूद मेरी सरकार ने देश में महंगाई को काबू में रखा, सामान्य भारतीय का बोझ नहीं बढ़ने दिया। उन्होंने कहा कि देश में पहले मुद्रास्फीति की दर दहाई अंक में रहा करती थी जो अब चार प्रतिशत है।

### आज विकसित देशों में भी भारत जैसी डिजिटल प्रणाली नहीं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि डिजिटल भारत का निर्माण सरकार का एक बहुत बड़ा सुधार है और इसने देश में जीवन तथा कारोबार दोनों को बहुत सुगम बना दिया है। आज पूरी दुनिया मानती है कि यह भारत की बहुत बड़ी उपलब्धि है। विकसित देशों में भी भारत जैसी डिजिटल प्रणाली नहीं है। डिजिटल भारत की वजह से आज बैंकिंग कामकाज सुगम हुआ है। जनधन आधार मोबाइल (जेएएम) की त्रिशक्ति से भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में मदद मिली है।

### अभिभाषण की खास बातें

- आयकर दाखिल करने वालों की संख्या सवा तीन करोड़ से बढ़कर सवा आठ करोड़ हुई
- भारत नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता के लिहाज से दुनिया में चौथे स्थान पर
- गहरे समुद्र में खनिजों की संभावना तलाशने की जरूरत
- भारत रेलवे के शत-प्रतिशत विद्युतीकरण के बहुत करीब है
- परीक्षा में गड़बड़ी को रोकने के लिए कानून लाएगी सरकार
- आतंकवाद और विस्तारवाद को 'जैसे को तैसा' की नीति के साथ जवाब दे रही हैं हमारी सेनाएं
- सरकार ने 'मिशन मोड' में करोड़ों युवाओं को नौकरी दी है
- भारत बड़ी खेल शक्ति बनने की ओर अग्रसर

### भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि दुनियाभर में गंभीर संकट के बीच भारत सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछली लगातार दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि दर साढ़े सात प्रतिशत रही है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही है। वहीं जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। भारत को पहले पांच सबसे नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल किया जाता था। आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं।

### सरकार खेती-बाड़ी को लाभकारी बनाने के लिए कर रही है काम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि सरकार खेती-बाड़ी को लाभकारी बनाने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। सरकार ने पहली बार 10 करोड़ से अधिक छोटे किसानों को देश की कृषि नीति और योजनाओं में प्रमुखता दी है। पिछले 10 साल में लगभग 18 लाख करोड़ रुपये न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के रूप में धान और गेहूं की खेती करने वाले किसानों को मिले हैं। यह 2014 से पहले के 10 साल की तुलना में ढाई गुना अधिक है।

### देश में डिजिटल के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में रिकॉर्ड निवेश

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि देश में डिजिटल के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में भी रिकॉर्ड निवेश हुआ है। पिछले 10 वर्षों में गांवों में पौने चार लाख किलोमीटर नई सड़कें बनीं हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग की लंबाई 90 हजार किलोमीटर से बढ़कर एक लाख 46 हजार किलोमीटर हो गई है। चार लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्ग की लंबाई ढाई गुना बढ़ी है। उच्च गति वाले गलियारों की लंबाई 500 किलोमीटर थी, जो आज बढ़कर चार हजार किलोमीटर हो गई है।




नई दिल्ली। बर्फ की सफेद चादर से पहाड़ गुलजार हो गए हैं। जनवरी महीने के आखिरी दिन भी दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में कड़ाके की ठंड है। बुधवार सुबह दिल्ली का तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पहाड़ी राज्य जैसे जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कुछ जिलों में बर्फबारी हो रही है, जिसकी वजह से मैदानी इलाकों में ठंड का प्रकोप बढ़ चुका है।




श्रीनगर/जम्मू। हिमपात के साथ कश्मीर में सबसे ठंडे 40 दिनों का चिल्ले कलां मंगलवार को समाप्त होते ही बुधवार से श्रीनगर समेत आसपास के क्षेत्रों में पूरे दिन रुक-रुककर वर्षा होती रही तो देर शाम को गुलमर्ग समेत ऊंची चोटियों पर बर्फबारी शुरू हो गई थी। बर्फ जमी होने से मुगल रोड पांचवें दिन भी बंद रहा। कटड़ा में भी वर्षा के चलते वैष्णो देवी यात्रा के लिए हेलीकाप्टर सेवा दोपहर के बाद से प्रभावित रही।




शिमला। हिमाचल प्रदेश की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी शुरू हो गई है। कुल्लू जिले में अटल टनल, लाहौल स्पीति और चंबा के भरमौर की ऊंची चोटियों पर शाम को बर्फ गिरी। अटल टनल और भरमौर में 1 फीट तक ताजा बर्फबारी दिखी है। मध्यरात्रि से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का प्रवेश हो गया है, जिसके चलते बारिश और बर्फबारी होने लगी है। 3 फरवरी को फिर से मौसम खराब होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### मुवक्किल से बलात्कार वकील ने किया सरेंडर



**एर्नाकुलम।** केरल हाई कोर्ट के पूर्व सरकारी सीनियर वकील पीजी मनु पर अपने मुवक्किल से बलात्कार का आरोप लगा है। मनु ने बुधवार को एर्नाकुलम में पुथेनक्रूज़ डीवाईएसपी के सामने सरेंडर कर दिया।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता की याचिका के आधार पिछले साल 29 नवंबर, 2023 को छोटानिकारा पुलिस ने मनु के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से वह फरार था।

### केरल जनपक्षम(एस) का भाजपा में विलय



**तिरुवनंतपुरम।** लोकसभा चुनाव से पहले आखिरकार पीसी जॉर्ज की पार्टी केरल जनपक्षम (सेक्युलर) का भाजपा में विलय हो गया है। केरल विधानसभा में लंबे समय तक पूंजर सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले जॉर्ज ने पीएम मोदी की खूब तारीफ की। इस दौरान तारीफ में उन्होंने कहा कि भारत को ऐसा प्रधानमंत्री कभी नहीं मिला, जो देश के विकास के लिए हर समय कार्य कर रहे हैं। मेरी पार्टी की भी यही राय है कि पीएम मोदी का साथ दिया जाना चाहिए।

### जनवरी में जीएसटी संग्रह 10.4 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली (भाषा)।** वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि जनवरी में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह सालाना आधार पर 10.4 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यह किसी महीने में अब तक का दूसरा बड़ा संग्रह है। चालू वित्त वर्ष में तीन महीने ऐसे रहे, जब संग्रह 1.70 लाख करोड़ रुपये या उससे अधिक रहा। वित्त मंत्रालय ने कहा, "जनवरी 2024 में (31-01-2024 की शाम पांच बजे तक) जमा सकल जीएसटी राजस्व 1,72,129 करोड़ रुपये है, जो जनवरी 2023 में एकत्रित 1,55,922 करोड़ रुपये के राजस्व से 10.4 प्रतिशत अधिक है।' चालू वित्त वर्ष में अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 के दौरान कुल सकल जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 11.6 प्रतिशत बढ़ा है।

### चीनी सैनिकों और चरवाहों के बीच बहस का सामने आया वीडियो

# हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन लद्दाख एलएसी पर चरवाहों को रोका

एजेंसी ▶▶ लद्दाख

**लद्दाख में एलएसी पर अकसर भारत और चीन के सैनिकों कई बार एलएसी पर पैट्रोलिंग के दौरान आमने-सामने आ जाते हैं। इससे कई बार विवाद की स्थिति निर्मित हुई है। भारतीय सीमा में भी चीन अब चरवाहों को रोकने लगा है।**

लद्दाख में एलएसी पर अकसर भारत और चीन के सैनिकों कई बार एलएसी पर पैट्रोलिंग के दौरान आमने-सामने आ जाते हैं। अब एएलएसी से चीनी सैनिकों द्वारा लद्दाख में एलएसी पर भारत के चरवाहों को अपने मवेशियों को चराने से रोकने की घटना सामने आई है। एलएसी पर अपनी भेड़ें चरा रहे लद्दाख के चरवाहों को चीनी पीएलए द्वारा रोका गया है। यह घटना पूर्वी लद्दाख के न्योमा में हुई। न्योमा चुशूल से 87 किमी दक्षिण में और चुमथांग से 40 किमी दूर है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। चुशूल के काउंसलर ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पीएलए द्वारा भारतीय चरवाहों को रोके जाने की घटना 2 जनवरी की है और अब इसे सुलझा लिया गया है।

**खास बातें**

- एलएसी पर अकसर चीन करता है घुसपैठ की कोशिश
- घटना पूर्वी लद्दाख के न्योमा में की है
- न्योमा चुशूल से 87 किमी दक्षिण में है



#### वायरल हो रहा घटना का वीडियो

*सोशल मीडिया पर वायरल हो रही घटना की वीडियो में दिखाई दे रहा है कि लद्दाख के चरवाहे चीनी सैनिकों का सामना कर रहे हैं। वीडियो में चीनी सैनिकों के पास एक वाहन भी देखा जा सकता है। इलाके में भारत का कोई भी सैनिक दिखाई नहीं दे रहा है। वीडियो में लद्दाखी चरवाहों को चीनी सैनिकों का सामना करते हुए दिखाया गया है, जिनके साथ एक वाहन भी है। पीएलए सैनिकों को चरवाहों को इलाका छोड़ने के लिए कहते देखा जा सकता है। वीडियो में कोई भी भारतीय सैनिक नजर नहीं आ रहा है।*

#### चरवाहों ने चीनी पीएलए के सामने दिखाई बहादुरी

*घटना के बारे में चुशूल के काउंसलर कोंचोक स्टैनजिन सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहते हैं कि देखिए हमारे स्थानीय लोग पीएलए के सामने कैसे बहादुरी दिखा रहे हैं यह क्षेत्र हमारे खानाबदोशों की चरागाह भूमि है। पीएलए हमारे खानाबदोशों को हमारे क्षेत्र में चरने से रोक रही है। ऐसा लगता है कि विभिन्न धारणाओं के कारण यह कभी न ख़त्म होने वाली प्रक्रिया है।*

#### दावा : चीनी सैनिक 1 किमी भारतीय सीमा में घुसे

स्टैनज़िंग ने दावा किया कि घटना के समय समय चीन के सैनिक भारतीय क्षेत्र में लगभग एक किलोमीटर अंदर आ गए थे। आपको बता दें कि साल 2020 में, लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इस घटा में भारत के 20 सैनिक शहीद हुए थे जबकि चीनी पीएलए के 40 सैनिक मारे गए थे।

### बिहार के किशनगंज में राहुल की यात्रा

# 6 साल के बच्चे ने पूछा शादी कब करेंगे? बोले- अभी काम कर रहा हूं





एजेंसी ▶▶ किशनगंज

बिहार के किशनगंज में कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। इस दौरान एक 6 साल के बच्चे ने राहुल से पूछा कि वो शादी कब करेंगे?

इस पर राहुल ने कहा कि अभी तो मैं काम कर रहा हूं, जब काम खत्म हो जाएगा तब। बच्चे का सवाल सुनकर राहुल हैरान रह गए। बच्चे का नाम अर्श नवाज है और वो यूटूब पर ब्लॉग बनाता है। अर्श ने राहुल पर भी ब्लॉग बनाया है और उन्हें फ्यूचर का प्रधानमंत्री भी कहा? राहुल नेबच्चे के वीडियो को सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है। यह वीडियो 29 जनवरी का है, इस दौरान अर्श, राहुल की बस के आगे खड़ा हो गया और राहुल ने बच्चे को अपनी गोद में बैठा लिया।

#### बंगाल में राहुल की कार का शीशा टूटा

राहुल के काफिले पर बुधवार को एसयूवी कार के पीछे का शीशा टूट गया था। खबर थी कि उनकी गाड़ी पर हमला हुआ। मामले पर कांग्रेस ने स्पष्टीकरण दिया है। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, गलत खबर को लेकर स्पष्टीकरण। बंगाल के मालदा में राहुल से मिलने अपार जनसमूह आया था। इस भीड़ में एक महिला राहुल से मिलने अचानक उनकी कार के आगे आ गई, इस वजह से अचानक ब्रेक लगाया गया तभी सुरक्षा घेरे में इस्तेमाल किए जाने वाले रस्से से कार का शीशा टूट गया।

## व्यापार समाचार

### बजट से पहले बीएसई सेंसेक्स 612 अंक चढ़ा

**मुंबई।** बजट से पहले स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 612 अंक चढ़ गया। मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार लाभ में रहा। निवेशकों की नजर अब बृहस्पतिवार को पेश होने वाले अंतरिम बजट और नीतिगत दर को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के निर्णय पर होगी। इससे बाजार को दिशा मिलेगी। शुरुआती नुकसान से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 612.21 अंककी तेजी के साथ 71,752.11 अंक पर बंद हुआ। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 203.60 अंक की बढ़त के साथ 21,725.70 अंक पर बंद हुआ। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'निफ्टी की शुरुआत कमजोर रही। लेकिन बाद में इसमें तेजी आई और यह 204 अंक चढ़कर 21,726 अंक के स्तर पर पहुंच गया। वैश्विक बाजार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को लेकर टिप्पणी की प्रतीक्षा है।

### सोना 50 रुपए मजबूत चांदी अपरिवर्तित रही

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूती के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 50 रुपये की तेजी के साथ 63,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 76,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित बनी रही। '

### मोबाइल फोन कलपुर्जों पर आयात शुल्क 15 से घटकर 10 प्रतिशत हुआ

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत ने मोबाइल फोन विनिर्माण में इस्तेमाल होने वाले बैटरी कवर, लेंस और सिम सॉकेट जैसे कलपुर्जों पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। इस कदम का मकसद स्थानीय उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देना के साथ ही स्थानीय बाजारों में उत्पाद की कीमतें कम करना है। वित्त मंत्रालय ने सेल्युलर मोबाइल फोन के लिए स्क्रू, सिम सॉकेट या धातु की अन्य यांत्रिक वस्तुओं सहित कलपुर्जों के आयात पर शुल्क में कटौती संबंधी अधिसूचना 30 जनवरी को जारी की। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि शुल्क को सुसंगत बनाने से से मोबाइल फोन विनिर्माण परिवेश मजबूत होगा। वैष्णव ने कहा, " सीमा शुल्क को तर्कसंगत बनाना उद्योग में बेहद आवश्यक निश्चितता और स्पष्टता लाता है।'

### पीसी जॉर्ज की केरल जनपक्षम (सेक्युलर) पार्टी का भारतीय जनता पार्टी में विलय



**नई दिल्ली।** केरल में सात बार विधायक रहे पीसी जार्ज ने बुधवार को नई दिल्ली में अपनी पार्टी केरल जनपक्षम (सेक्युलर) का विलय भाजपा में कर दिया। इस अवसर पर पत्रकारों से उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारी को लेकर पार्टी फैसला लेगी, लोकसभा चुनाव 2024 में केरल से भाजपा के पांच सांसद चुने जाएंगे। दिल्ली में केरल भाजपा के प्रभारी प्रकाश जावेड़कर, केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन और राजीव चंद्रशेखर की मौजूदगी में पीसी जॉर्ज और उनके बेटे को पार्टी में शामिल कराया गया। केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन ने कहा कि पीसी जॉर्ज के भाजपा में आने से यह प्रचार दूर हो गया है कि बीजेपी अल्पसंख्यक विरोधी है। प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि यह तो सिर्फ शुरुआत है।




### शीर्ष अदालत का हाईकोर्ट के फैसले में दखल से इनकार

# 32 हफ्ते का गर्भ खत्म नहीं कर सकती महिला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को एक महिला को 32 हफ्ते से ज्यादा समय के गर्भ को गिराने की अनुमति देने से इनकार कर दिया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि मेडिकल बोर्ड ने भी इस बात को माना है कि इसे अब खत्म नहीं किया जा सकता है। 26 वर्षीय महिला के पति की पिछले साल अक्टूबर में मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने मामले पर सुनवाई की। पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 23 जनवरी के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने अपने 4 जनवरी के फैसले को वापस ले लिया था, जिसमें महिला को अपने 29 माह पुराने गर्भ को गिराने की अनुमति दी गई थी।

### मेडिकल बोर्ड ने भी इस बात पर जताई सहमति



#### आप चाहें तो गोद दे दें

पीठ ने कहा कि गर्भ को 32 महीने पूरे हो चुके हैं, इसे अब कैसे खत्म किया जा सकता है? मेडिकल बोर्ड ने भी कहा है कि इसे खत्म नहीं किया जा सकता है। आप चाहें तो इसे गोद लेने के लिए दे सकते हैं। महिला की ओर से वकील अमित मिश्रा पेश हुए। उन्होंने कहा कि अगर वह बच्चे को जन्म देती हैं तो यह उनकी (महिला) इच्छा के खिलाफ होगा। उन्हें पूरी जिंदगी सदमे में गुजारनी होगी।

#### महिला को कोई खतरा नहीं होगा

पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने हरेक बिंदु पर विचार किया है। इसमें मेडिकल बोर्ड का विचार भी शामिल है। हम मेडिकल बोर्ड की राय से आगे नहीं जा सकते। बोर्ड ने राय दी है कि इसमें कोई असमान्यता नहीं है और यह एक सामान्य भ्रूण है। बोर्ड ने राय दी गई है कि अगर महिला गर्भावस्था जारी रखती हैं, तो कोई खतरा नहीं है।

#### आखिरकार याचिका खारिज कर दी

इसके बाद वकील अमित मिश्रा ने दलील दी कि महिला विधवा है और उसे जीवनभर इस सदमे को सहना होगा। अदालत को उसके हित पर विचार करना चाहिए। इसके बाद न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी ने पूछा, तो क्या हमें सिर्फ उसके हित पर विचार करना चाहिए? इसके बाद पीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया और याचिका खारिज कर दी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25